**सुविचार**
ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करें बल्कि ध्यान भी लगाएं। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

हिंदी दैनिक
# द फोटोन न्यूज
सच के हक में...
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● सोमवार, 03 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 104 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com


08
राखी ने प्रियंका से लिया पंगा


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 58,991.52 |
| निफ्टी | : | 17,359.75 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,625 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)



इफ्तार (सोमवार) : 06.05
सेहरी (मंगलवार) : 04.23

**ब्रीफ न्यूज**

### रांची में कोरोना की फर्जी रिपोर्ट बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची :** पुलिस ने कोरोना की फर्जी रिपोर्ट बनाने के आरोप में रविवार को अमरजीत और सन्नी को गिरफ्तार किया है। इस मामले को लेकर रिम्स के अधीक्षक ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। संजय तिवारी ने सरेंडर से बचने के लिए कोरोना पॉजिटिव का फर्जी सर्टिफिकेट बनाया था। सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद संजय तिवारी को 25 मार्च को सरेंडर करना था लेकिन उसने 27 मार्च को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट अदालत में दे दिया। अपने आप को रिम्स में इलाजरत बताया। हालांकि, ईडी ने जांच की तो फर्जी पाया। इसके बाद संजय तिवारी फरार हो गया। बीते शनिवार को ईडी की टीम संजय तिवारी के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापेमारी की थी लेकिन वो फरार था।

### सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**लोहरदगा :** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के जीमा के समीप मंटू ढाबा के पास सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई. उनकी पहचान हेसल कारी टोली निवासी गीरीराज भगत और उनके पुत्र के रूप में हुई है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रांची राउरकेला उच्च पथ पर जाम लगा दिया। बीच सड़क पर शव रख कर लोग जाम लगाए हुए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है।

### झारखंड के नक्सल इलाकों में बनेंगे फोर्टिफाइट थाने

**रांची :** राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में फोर्टिफाइड थाना बनाया जायेगा। इसके लिए लिए छह अधिकारियों की कमेटी बनायी गयी है। इसमें दो आइएएस, तीन आइपीएस और एक इंजीनियर शामिल हैं। गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसमें आइएएस में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, सदस्य के रूप में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव, एडीजी मुख्यालय या आधुनिकीकरण, आइजी प्रोविजन व आइजी अभियान के अलावा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता को सदस्य बनाया गया है।

### प बंगाल में रामनवमी जुलूस पर पथराव

**पश्चिम बंगाल (हुगली) :** हावड़ा के बाद अब रिसडा में रामनवमी जुलूस के दौरान तनाव की घटना का मामला प्रकाश में आया है। ईंट-पत्थरबाजी, कार में तोड़फोड़ की शिकायतें मिली है। श्रीरामपुर में भाजपा संगठन जिलाध्यक्ष की कार में तोड़फोड़ किया गया है। भाजपा विधायक घायल हुए है।अशांति के चलते भाजपा सांसद और अखिल भारतीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। हालांकि, कोई बड़ा खतरा नहीं था क्योंकि सुरक्षा गार्डों ने समय रहते उन्हें मौके से हटा दिया।

# कैदियों के दो गुटों में हुई हिंसक झड़प, चार कैदी हुए घायल

## धनबाद मंडल कारा में 8 बार बजी पगली घंटी, घटना की चल रही जांच

**संवाददाता, धनबाद**

**धनबाद :** मंडल कारा में रविवार की दोपहर अचानक पगली घंटी बज उठी। यह घंटी आठ बार बजी। घंटी की आवाज सुनते ही कारा में तैनात पुलिस के जवान सक्रिय हो गए। यह पगली घंटी कैदियों के दो गुटों में हुई हिंसक झड़प के बाद बजी थी। दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में कई कैदी घायल भी हुए हैं। जानकारी मिलते ही डीएसपी हेड क्वार्टर नंबर वन अमर कुमार पांडेय, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद सिन्हा, एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी समेत अन्य वरीय अधिकारी दल-बल के साथ साथ जेल पहुंचे।

**जेल में तैनात गार्डों में मची खलबली :** दोपहर में कैदियों के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प और पगली घंटी बजते ही मौके पर तैनात जवान और महिला पुलिसकर्मियों के बीच खलबली मच गयी। जो जिस हालत में थे, उसी हालत में डंडा-हथियार लिए जेल की ओर दौड़ पड़े। जेल के भीतर ड्यूटी कर रहे जवान भी हरकत में आ गए। वे भी कैदियों को शांत कराने में जुट गए। जेल के भीतर करीब 150 पुलिस के जवान तैनात हैं। एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी के मुताबिक इस हिंसप झड़प में तीन से चार कैदी घायल हुए हैं। मामले की जांच चल रही है।


मंडल कारा के बाहर पुलिस वाहन व जवान ● फोटोन न्यूज

**क्या है मामला**

दरअसल रविवार की दोपहर लगभग एक बजे के करीब कारा के अंदर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। मारपीट की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने पगली घंटी बजायी। इस बीच मापीट होती रही। जेल प्रशासन की ओर से आठ बार पगली घंटी बजायी गयी। इस बीच जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी गयी। मौके पर जिला पुलिस के जवानों को भी बुला लिया गया। जानकारी मिलते ही डीएसपी हेड क्वार्टर नंबर वन, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर और एसडीओ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने के बाद घटना पर काबू पाया गया। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक जेल के अंदर तनाव है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

### साहिबगंज में मूर्ति विसर्जन के दौरान
# दो समुदायों में हिंसक झड़प, छह घायल


सड़क पर बिखरे पड़े पत्थर ● फोटोन न्यूज

**संवाददाता, साहिबगंज।**

साहिबगंज शहरी क्षेत्र में बड़ी दुर्गा स्थान के पास कुली पाड़ा में शनिवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जाते वक्त दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में एसडीपीओ राजेंद्र दुबे समेत पुलिस के तीन जवान और तीन आम नागरिक घायल हो गए।

बताया जाता है कि मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय दूसरे समुदाय के लोगों ने घर के छतों से पत्थरबाजी शूरू कर दी। देखते ही देखते माहौल हिंसक हो गया। नगर थाना पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इलाके में तनाव व्याप्त है। पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है।

नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार ने रविवार को बताया कि दोनों समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। शहर में बिजली काट दी गई है। दुर्गा मूर्ति का विसर्जन करने तहला दुर्गा पूजा समिति के लोग जा रहे थे। उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसडीओ सदर राहुल आनंद, पुलिस इंसपेक्टर शशिशेखर चौधरी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी कुली पाड़ा पहुंच गए हैं।

### खालिस्तान समर्थकों को जयशंकर की दो टूक, बोले
# किसी ने झंडे का अनादर करने की कोशिश की, तो और बड़ा लगाऊंगा

**बेंगलुरू।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को खालिस्तान समर्थकों को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सैन फ्रांसिस्को में बर्बरता की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ऐसा भारत नहीं है, जो अपने राष्ट्रीय ध्वज को किसी के द्वारा नीचे खींचे जाने को स्वीकार करेगा। विदेश मंत्री ने धारवाड़ में बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि हमने पिछले कुछ दिनों में लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और सैन फ्रांसिस्को में कुछ घटनाएं देखी हैं... यह ऐसा भारत नहीं है, जो अपने राष्ट्रीय ध्वज को किसी के द्वारा नीचे खींचे जाने को स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि जब यह घटना हुई, तो हमारे उच्चायुक्त ने उससे भी बड़ा झंडा उस इमारत में लगा दिया। यह केवल वहां के तथाकथित खालिस्तान समर्थकों के लिए एक बयान नहीं था, यह अंग्रेजों के लिए भी एक बयान था कि अगर कोई इसका अनादर करने की कोशिश करेगा, तो मैं इसे (राष्ट्रीय ध्वज) और भी बड़ा कर दूंगा।

**भारतीय उच्चायोग में लगाया गया था विशाल झंडा**

उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के पास करीब 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान के झंडे लहराते हुए दिखाई दिए थे। जिसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय उच्चायोग में एक विशाल झंडा लगाया गया था। इस दौरान करीब 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़ने की भी कोशिश की थी। पुलिसकर्मियों पर पानी की बोतलें और स्याही भी फेंकीं थीं। खालिस्तान समर्थकों ने 19 मार्च को भारतीय उच्चायोग में भारत के तिरंगे को नीचे उतारने की कोशिश की थी। साथ ही वहां पर तोड़फोड़ की थी। इस मामले में भारत ने अपराधियों की गिरफ्तारी और मुकदमा चलाने की मांग करते हुए खालिस्तान तत्वों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जिसको लेकर दिल्ली में ब्रिटेन के सबसे वरिष्ठ राजनयिक तत्काल प्रभाव से तलब किया गया था।

# गुमला में तिहरे हत्याकांड के आरोपी को भेजा गया जेल


गिरफ्तार आरोपी के साथ पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

**संवाददाता, गुमला।**

जिले के बसिया थाना क्षेत्र के लुंगटु पंडरा टोली में हुए तिहरे हत्याकांड का बसिया पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्यारोपित एनोस कंडुलना को गिरफ्तार कर रविवार को गुमला जेल भेज दिया।

इस संबंध में बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागुरी ने बसिया थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपित देवर एनोस कंडुलना ने एलआईसी से मिले पैसे के बंटवारे को लेकर भाभी एवं दो भतीजों की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मृतका पूनम कंडुलना के पति नुवेल कंडुलना की 2017 में मृत्यु हुई थी, जिसको एलआईसी में एक पॉलिसी से कुल 11 लाख रुपये मिले थे। पूनम अपने दो बेटों के साथ रहती थी, जिनका देख-रेख उसका देवर विश्राम कंडुलना करता था।

घटना के दिन 29 मार्च को भी पैसे के बंटवारे को लेकर दोनों में नोकझोंक हुई थी। एनोस ने हथौड़े से पूनम पर वार कर दिया। उसके बेटे पवन कंडुलना ने घर में रखे चाकू से चाचा एनोस कंडुलना पर वार कर दिया। तब एनोस ने भाभी पूनम कंडुलना, भतीजे पवन कंडुलना एवं अर्पित कंडुलना तीनों को मौत के घाट उतार दिया और तीनों शवों को गोबर गड्ढे में डालकर ढंक दिया।

दो दिनों तक जब पूनम एवं उसके बच्चों का कहीं पता नहीं चला तब उसके मायके वाले शनिवार को लुंगटु पंडराटोली गांव पहुंचे, जहां गोबर गड्ढे से आ रही दुर्गंध से उन्हें शक हुआ। इसी बीच आरोपित एनोस भागने लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो वह टूट गया एवं हत्या करने की बात कबूल कर लिया। घटना की सूचना बसिया पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंचे बसिया थानेदार छोटु उरांव, एसआई प्रदीप रजक, एसआई मंटू गुप्ता, एसआई अजय रजक, एसआई विनोद टोप्पो सहित सशस्त्र बल ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुदाली, हथौड़ा एवं खून लगे कपड़े तथा तीनों मृतकों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

# पेशी से पहले सोनिया गांधी से मिले राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में सूरत कोर्ट की ओर से मिली दो साल की सजा को चुनौती देंगे। राहुल सूरत की एक अदालत में सोमवार को अपील दाखिल करेंगे और अदालत में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी उनके वकील ने दी है। इस बीच खबर है कि कोर्ट में पेशी से पहले राहुल गांधी अपनी मां और कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी से मुलाकात की।

**सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बीच हुई गंभीर मंत्रणा :** राहुल गांधी अपनी मां और कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी से दिल्ली के एक होटल में मुलाकात की।बताया जा रहा है, दो के बीच करीब डेढ़ घंटे बातचीत हुई। इस दौरान उनके जीता रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद थे।

**मोदी सरनेम मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को सुनाई दो साल की सजा :** सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एच वर्मा की अदालत ने मोदी उपनाम को लेकर राहुल की ओर से की गई एक टिप्पणी के संबंध में दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में उन्हें 23 मार्च को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

### मुंडा आदिवासी बहुल क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में संवाद की समस्या, रसोइया करती है मुंडारी में अनुवाद
# शिक्षक पढ़ाएं कैसे, हिंदी नहीं समझते विद्यार्थी

**संवाददाता, खूंटी।**

झारखंड के मुंडा आदिवासी बहुल क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में संवाद की भाषा एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। भाषा की समस्या की वजह से यहां के आदिवासी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसकी वजह सरकारी स्कूलों में स्थानीय भाषा मुंडारी (मुंडा व अन्य अनुसूचित जनजातियों की भाषा) जानने वाले शिक्षकों का अभाव है। यहां के स्कूलों में तैनात ज्यादातर शिक्षक बच्चों को हिंदी में पढ़ाते हैं, जिसे आदिवासी बच्चे सही से समझ नहीं पाते हैं, क्योंकि उनकी मातृभारू मुंडारी है।

इसका उदाहरण है घोर नक्सल प्रभावित खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड का राजकीकृत मध्य विद्यालय, तरगिया। यहां कुल 40 बच्चे पढ़ते हैं, जो केवल मुंडारी बोलते और समझते हैं। चूंकि शिक्षक हिंदी भाष में पढ़ाते हैं, इसके कारण शिक्षकों की बातों को विद्यार्थी समझ ही नहीं पाते। ऐसे में वहां नियुक्त रसोइया नंदी बोदरा द्विभाषिया (अनुवादक) का काम कर रही है। वह शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए महत्वपूर्ण विषयों का मुंडारी भाषा में अनुवाद कर बच्चों को समझाती है।

**आठवीं कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए है मात्र एक शिक्षक :** इस स्कूल में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों की पढ़ाई होती है। सभी बच्चे अनुसूचित जनजाति के हैं, जो केवल मुंडारी भाषा ही बोलते हैं। बहुत मुश्किल से हल्की-फुल्की हिंदी समझ पाते हैं लेकिन बोल नहीं पाते। बच्चों की इस समस्या को देखते हुए स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक मारवाड़ी साहू शिक्षा विभाग से मुंडारी भाषा के जानकार शिक्षक की पदस्थापना की मांग कर चुके हैं।

प्रभारी प्रधानाध्यापक मारवाड़ी साहू ने बताया कि 2006 तक स्कूल में सामुएल पूर्ति व अर्चना कंडुलना शिक्षक थे, जो मुंडारी में अनुवाद कर बच्चों को पढ़ाते थे। वर्तमान परिस्थिति में महत्वपूर्ण पाठों को समझाने के लिए रसोइया की मदद लेनी पड़ती है। इस मामले में तोरपा के बीईईओ सुदामा मिश्र को भी इस समस्या से अवगत करा दिया गया है। जैसे ही जनजातीय/क्षेत्रीय भाषा के शिक्षकों की बहाली शुरू होगी, स्कूल को शिक्षक मिल जाएंगे।

**जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति का नहीं है प्रावधान :** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों में अलग से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षक की नियुक्ति नहीं होती है। स्कूलों में वहां की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के जानकार शिक्षक नियुक्त हो सकें, इसके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा में 30 अंकों के प्रश्न जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा से पूछे जाते हैं। इसके लिए जिलावार जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं का निर्धारण उस क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा के आधार पर कर दी गई है, जिनमें से किसी एक का चयन अभ्यर्थी को करना पड़ता है। खूंटी में जनजातीय भाषा के रूप में कुडुख, खडिया तथा मुंडारी तथा क्षेत्रीय भाषा के रूप में नागपुरी, पंचपरगनिया तथा कुरमाली शामिल हैं।

**विभाग से बात कर दुरुस्त की जाएगी व्यवस्था : जिला शिक्षा पदाधिकारी**


खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे का कहना है कि बच्चों का अधिकार है कि वे अपनी मातृभाषा में अध्ययन करें लेकिन राष्ट्रीय भाषा भी जानना आवश्यक है। संविधान में कहा गया है कि अनुच्छेद 350ए में विशिष्ट भाषाई अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देकर कौशल का विकास करना है। यदि उन्हें मातृभाषा में शिक्षा दी जाती है, तो यह उनके लिए अधिक ग्रहणशील होगा। इसके लिए विभाग से बात कर आगे की व्यवस्था की जाएगी।

# विवाह नहीं होने से नाराज छोटे भाई ने बड़े को मार डाला

**संवाददाता, लातेहार।**

जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराम गांव में रविवार को छोटे भाई जेम्स सारस ने अपने बड़े भाई बसंत सारस (32) की टांगी से मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद भाग रहे आरोपित को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

इस संबंध में मृतक की पत्नी मुन्नी देवी ने पुलिस को बताया कि उसके देवर जेम्स सारस की शादी नहीं हो रही थी। वह अक्सर घर में इसी बात को लेकर झगड़ा था कि उसकी शादी जल्दी करा दी जाए। जेम्स को लगता था कि परिवार के लोग ही उसकी शादी नहीं होने दे रहे हैं। रविवार को वह दोपहर में इसी बात को लेकर नशे में धुत होकर घर में झगड़ा कर रहा था। मुन्नी देवी ने बताया कि वह अपने काम से गांव में जियो टैगिंग करने चली गई। इसी बीच जेम्स ने उसके पति की टांगी से मारकर हत्या कर दी।


गिरफ्तार आरोपी ● फोटोन न्यूज

इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घर में हल्ला हंगामा सुनकर जब वे लोग यहां आए तो देखा कि बसंत सारस मृत अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ है। ग्रामीणों को देखकर जेम्स भागने लगा लेकिन उसे पकड़ लिया गया। बाद में पुलिस को इसकी सूचना दी गई और आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन आरंभ कर दी है।

ब्रीफ न्यूज

## डीजीपी छह अप्रैल को लंबित कांडों की करेंगे समीक्षा

**रांची :** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह छह अप्रैल को जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक के साथ लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी छह अप्रैल को दिन के 12 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर लंबे समय से लंबित कांडों को झारखंड पुलिस निपटाने में लगी है। इसके लिए एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। एडीजी ने सीआईडी के साइबर अपराध एसपी को निर्देश दिया है कि रांची में आईटी एक्ट से संबंधित सर्वाधिक मामले लंबित हैं। अधिकतर मामलों में सीडीआर तक नहीं निकला है इसलिए सीआईडी के एसपी साइबर अपराध इस मामले की समीक्षा अपने स्तर से करेंगे।

## रांची में दो अपराधियों के घर की कुर्की-जब्ती

**रांची :** रांची पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे अपराधी के घर रविवार को कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने बरियातू थाना क्षेत्र में हुए धवन राम हत्याकांड में फरार चल रहे दो वांटेड अपराधी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी और अभिषेक मलिक के घर कुर्की जब्ती की। पुलिस ने फरार चल रहे तीन अपराधियों रोहित मुंडा, अभिषेक मलिक और रोहन श्रीवास्तव के खिलाफ कुर्की जब्ती वारंट के लिए अदालत से गुहार लगायी थी। आदेश निर्गत होने के बाद रविवार को पुलिसलाइन से अतिरिक्त फोर्स मंगाकर रोहित और अभिषेक मलिक के घर की कुर्की जब्ती की गई।

## अपर बाजार-मेन रोड में अवैध पार्किंग पर लगेगा जुर्माना

**रांची :** अपर बाजार व मेन रोड में रोड पर अवैध पार्किंग करने वाले दुकानदार/वाहन चालक पर अब जुमार्ना लगेगा। रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने आम लोगों से अपील की है। कहा गया कि सड़क पर वाहन पार्किंग नहीं करें। वाहन पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। जहां पार्किंग के लिए जगह सुनिश्चित है वहीं अपना वाहन पार्क करें। अन्यथा मोटरयान अधिनियम के तहत जुर्माना वसूला जायेगा।

## हॉकी चैंपियनशिप के खिलाड़ियों का हुआ चयन ट्रायल

**रांची :** हॉकी सिमडेगा के द्वारा आयोजित होने वाले सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर महिला एवं पुरुष हाकी चैंपियनशिप 2023 में जिला के सभी पंचायतों के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित हो। जिसके लिए हाकी सिमडेगा के पदाधिकारी विभिन्न प्रखंडों में घूम घूम कर तीन-चार पंचायतों को मिलाकर एक जगह खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित कर टीम का गठन कर रहा है। जिसके तहत संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग सहित राज्य को सबसे अधिक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी देने वाले गांव करगागुड़ी में केरसई प्रखंड के पश्चिमी प्रभाग के लिए बासेन, किंकेल और बाघडेगा 3 पंचायतों को मिलाकर एक टीम गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन ट्रायल के उपरांत 20-20 सदस्यों वाली केरसई प्रखंड पश्चिमी प्रभाग का महिला और पुरुष एक एक टीम का गठन किया गया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# बारिश ने खोली कांटाटोली फ्लाई ओवर सर्विस लेन की पोल, सड़क जाम

## कीचड़ से गिरे दर्जनों बाइक सवार, लोग हलकान

**संवाददाता, रांची।**

रांची में शनिवार को हुई बारिश ने कांटाटोली फ्लाईओवर के सर्विस लेन पर व्यवस्था की पोल खोल दी। पूरी सड़क पर कीचड़ और फिसलन के चलते 12 से अधिक बाइक सवार गिर गए। संध्या छह बजे से आठ बजे से तक लंबा जाम लगा रहा।

पूरी सड़क पर कीचड़ और फिसलन के चलते दर्जनों बाइक सवार गिर गए। वाहन सवारों को सर्विस लेन से गुजरने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। शाम छह बजे से आठ बजे से तक लंबा जाम लगा रहा। सैकड़ों गाड़ियां फंसी रही। बहुबाजार से कांटाटोली चौक तक सड़क के गड्ढों में वर्षा का पानी भर गया था। दर्जनों



बाइक सवार इस दौरान फिसलकर गिरे। उन्हें चोटें भी आईं। मालूम हो फ्लाईओवर निर्माण के कारण बहुबाजार से कांटाटोली की ओर जाने वाले रास्ते को एक लेन कर दिया गया है। इससे रास्ता संकरा हो गया है। कांटाटोली चौक से बहुबाजार तक सर्विस लेन में सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे भरे पड़े हैं।

जुडको ने सर्विस लेन को जर्जर स्थिति में छोड़ दिया है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। जब से निर्माण का काम शुरू हुआ है तब से लोगों को परेशानी हो रही है। बारिश होने पर स्थिति बहुत खराब हो जाती है। सांसद और विधायक से लेकर नगर विकास विभाग के सचिव तक कंपनी व जुडको के अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं कि तय समय में निर्माण कार्य पूरा किया जाए। वहीं, जिला प्रशासन और रांची नगर निगम के अधिकारी इस ओर झांकने भी नहीं आते हैं।

### तीन महीने में कई लोग दुर्घटना के शिकार

कांटाटोली से बहु बाजार तक सर्विस लेन में सैकड़ों गड्ढे हैं। इसके साथ ही ऊबड़-खाबड़ होने से सर्विस लेन लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। सर्विस लेन के गड्ढों की वजह से पिछले दो-तीन महीने में कई लोग दुर्घटना के शिकार हुए हैं। सर्विस लेन संकीर्ण होने से भी लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। काम को लेकर बैरिकेडिंग की गई है। इससे भी समस्या उत्पन्न हो रही है। बैरिकेडिंग के कारण सर्विस लेन की चौराई आधी हो गई है। काम को लेकर साइन बोर्ड भी नही लगाया गया है। रात होने के बाद लोग इस सड़क से जाना तक नही चाहते है। सड़क पर स्ट्रीट लाइट तक नही लगी हुई है।

# राज्य के छात्र संगठनों का झारखंड बंद 10 अप्रैल को

**संवाददाता, रांची।**

नियोजन नीति को लेकर राज्य के विभिन्न छात्र संगठनों ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। इससे पहले आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इस बात का निर्णय रविवार को छात्र संगठनों की मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क में हुई बैठक में लिया गया।

बैठक के बाद बताया गया कि मुख्यमंत्री आवास घेराव और झारखंड बंद का झारखंड यूथ एशोसिएशन, झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, आदिवासी-मूलवासी सामाजिक संगठन सहित तमाम छात्र संगठन भी समर्थन करेंगे। बैठक के बाद छात्र नेता इमाम सफी ने कहा कि हमारा आंदोलन 60/40 वाली नियोजन नीति के खिलाफ है। हम चाहते हैं कि इस पर सरकार को ठोस निर्णय लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमलोग आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास घेराव व 10 अप्रैल को झारखंड बंद करेंगे। यह दोनों आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक रहेगा। आंदोलन में गैर जिम्मेदाराना बयान या अन्य गतिविधि करने वाले असामाजिक तत्वों को आंदोलन से बाहर किया जाएगा। साथ ही कहा कि राज्य बने 22 साल हो गए। इसके बाद भी एक स्थानीय नीति, नियोजन नीति नहीं बनी है। अगर कोई नीति बना भी तो न्यायालय द्वारा रद्द हो गई। नीति के कारण नियुक्ति रूकी हुई है।

सफी ने कहा कि वर्ष 2017 से कोई प्रतियोगिता परीक्षा नहीं हो सकी है। कुछ हुई वो भी विवादों में रही। झारखंड में बेरोजगारों की फौज तैयार हो गई है। बेरोजगारी से पलायन व आत्महत्या की संख्या बढ़ गई है। लाचार- बेबस छात्र आन्दोलन करने को मजबूर हैं। छात्र लाठीचार्ज व फर्जी केस-मुकदमा की चक्कर में फंसते जा रहे हैं। झारखंड के युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। इसी वजह से छात्र झारखंड बंद करने को मजबूर हैं।

# जैक इंटर फिजिक्स परीक्षा रद होने का चलता रहा फर्जी विज्ञापन

**संवाददाता, रांची।**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की 12वीं के फिजिक्स परीक्षा रद होने की खबर रविवार को सुबह से ही कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। जिसके बाद छात्रों में परीक्षा रद होने की खबर को लेकर परेशान दिखें। रविवार होने की वजह से जैक कार्यालय भी बंद रहा। इस विज्ञापन में लिखा है कि 22 मार्च को हुए फिजिक्स की परीक्षा रद कर दी गई है और इसकी परीक्षा अब तीन अप्रैल को होगी। हालांकि इस विज्ञापन को जैक ने फर्जी बताया है और छात्रों से अपील की है कि वे इस तरह के सोशल मीडिया में हो रहे गलत संदेश पर ध्यान ना दें। जो भी सूचना होगी वो जैक के आफिशियल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। साथ ही समाचार पत्रों में भी जारी किया जाएगा।

जैक सचिव महीप कुमार सिंह ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर इंटर की फिजिक्स परीक्षा रद करने वाला विज्ञापन फेक है। जैक द्वारा ली जाने वाली मैट्रिक और इंटर की कोई भी परीक्षा रद नहीं की गयी है। व्हाट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया पर सुबह से जो विज्ञापन सकुर्लेट हो रहा है, वह एक अफवाह है। किसी भी विद्यार्थियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मालूम हो कि इंटर में तीन अप्रैल को पोलिटिकल साईंस विषय की परीक्षा है। जबकि मैट्रिक में संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित होगी। पांच अप्रैल को इंटर की अंतिम परीक्षा फिलास्फी की होगी।

## रश्मि हत्याकांड

## दूसरा आरोपी गिरफ्तार

### चुटिया से लापता छात्रा का 30 दिनों पहले उलातू पहाड़ पर मिला था कंकाल

**रांची :** चुटिया की छात्रा रश्मि मुंडा हत्याकांड में सहयोग करने के आरोप में पुलिस ने उमेश महतो को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इससे पूर्व मृतका के प्रेमी पंकज महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस छानबीन में यह जानकारी मिली है कि रश्मि की हत्या के शव को ठिकाना लगाने में आरोपित ने सहयोग किया था। बता दें कि बीते 27 फरवरी को ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित उलातू पहाड़ से एक कंकाल मिला था। जांच में कंकाल चुटिया से गायब हुई छात्रा रश्मि मुंडा का पाया गया।

# 5 अप्रैल को चिकित्सा पदाधिकारियों और सीएचओ को सीएम सौंपेगे नियुक्ति पत्र, रिम्स में आयोजित होगा कार्यक्रम

**संवाददाता, रांची।**

राज्य सरकार 173 चिकित्सा पदाधिकारियों और 297 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच अप्रैल को रिम्स सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में इन सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी रहेंगे मौजूद :** इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने नियुक्ति की तैयारी पूरी कर ली है। चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी और सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से हुई है।

**233 पदों पर होनी थी नियुक्तियां :** चिकित्सा पदाधिकारियों के नियमित एवं बैकलॉग के कुल 233 पदों पर नियुक्ति होनी थी लेकिन आयोग को इन पदों के विरुद्ध 181 योग्य अभ्यर्थी ही मिल पाए थे। इनमें से भी आठ अभ्यर्थी प्रमाणपत्रों की जांच के लिए नहीं पहुंचे। इस तरह, 61 पद रिक्त रह गए। अब देखना है कि कितने अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र लेते हैं तथा अपने पदस्थापन स्थल पर योगदान देते हैं।

**633 योग्य उम्मीदवारों में से हुआ चयन :** बता दें कि जेपीएससी ने पिछले साल दिसंबर माह में चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए आयोजित साक्षात्कार के आधार पर परिणाम जारी किया था। कुल रिक्ति के पांच गुना अभ्यर्थी नहीं मिलने से लिखित परीक्षा नहीं लेकर सिर्फ साक्षात्कार आयोजित किया गया था। साक्षात्कार के लिए कुल 633 उम्मीदवार योग्य पाए गए थे।

**आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अनुबंध पर नियुक्ति :** स्वास्थ्य विभाग प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत अनुबंध पर विभिन्न पदों पर नियुक्ति करेगा। इसके तहत जैप आइटी के पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन की अंतिम समय सीमा 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। जिन पदों पर नियुक्ति होगी उनमें स्टेट हेल्थ मैनेजर, स्टेट पीएमयू हेल्थ असिस्टेंट, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजर, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर असिस्टेंट आदि पद शामिल हैं।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में होंगे पदस्थापित

साक्षात्कार से पहले कागजात सत्यापन में 60 प्रतिशत उम्मीदवार ही पहुंचे। साक्षात्कार में उम्मीदवारों की संख्या घटकर 60 प्रतिशत से भी कम हो गई थी। इधर, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के पद पर आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति अनुबंध पर हुई है। इनका पदस्थापन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में किया जाएगा।

# खजूर पर्व पर गूंजे प्रभु यीशु के जयकारे...

**संवाददाता, रांची।**

विश्वासियों ने रविवार को खजूर पर्व मनाया। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना आयोजित की गई जिसमं हजारों महिला-पुरुष शामिल हुए। प्रार्थना के दौरान प्रभु के आगमन का गीत गाये गए। प्रभु दुखभोग व क्रूस पर चढ़ाये जाने से पूर्व येरूशलेम प्रवेश का स्मरण किया गया। विश्वासी खजूर डाली लेकर आराधना में शामिल हुए। इस अवसर पर गिरजाघरों को खजूर डाली से आकर्षक रूप से सजाया गया गया था। पुरुलिया रोड स्थित संत मारिया महागिरजाघर, बहु बाजार संत पाल, मेन रोड जीइएल, एनडब्लू जीइएल सहित शहर के अन्य गिरजाघरों में सुबह से ही विश्वासियों का तांता लगा रहा। जगह-जगह से शोभायात्रा निकाली गई। प्रभु के जयकारे गूंजते रहे।

मुख्य आयोजन संत जान्स स्कूल खेल मैदान में हुई। यहां सुबह में प्रारंभिक धर्मविधि अनुष्ठान के बाद भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों विश्वासी हाथों में खजूर की डाली और प्रभु के जयकारे लगाते चल रहे थे। धार्मिक गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जुलूस संत जान्स स्कूल खेल मैदान से निकलकर कर्बला टैंक रोड, मिशन चौक होते हुए संत मारिया महागिरजाघर पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके उपरांत आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो की अगुवाई में समारोही मिस्सा पूजा संपन्न हुआ।

खजूर पर्व के संदेश में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि प्रभु यीशु हमसे अनंत प्रेम से प्रेम करते हैं। उनके हृदय में मनुष्य जाति के प्रति, जो उनकी ही संतान हैं, प्रेम और करुणा भरा है। जब प्रभु यीशु खीस्त येरुशलेम में प्रवेश कर रहे थे, तब उन्हें मालूम था कि क्या होने वाला है।

### बरियातू पल्ली में भी धूमधाम से मना खजूर पर्व, निकला जुलूस

बरियातू पल्ली में भी खजूर पर्व धूमधाम से मनाया गया। जुलूस निकाले गए। संपूर्ण समारोह मुख्य अनुष्ठाता फादर प्रफुल बड़ा के सानिध्य में संपन्न हुआ। उन्हें फादर लिब्रातुस बड़ा, फादर दीपक, फादर अमृत तथा फादर अशोक कुजूर ने सहयोग दिया। बाइबल पाठ तथा धार्मिक गीतों का संचालन पल्ली पुरोहित फादर जोन हेनरी की अगुवाई में पल्ली कैथोलिक सभा एवं कैथोलिक महिला संघ के संयुक्त संचालन में संपन्न हुआ।

### घनी सड़कों पर कपड़े तो गरीब खजूर डाली बिछा कर प्रभु का किया स्वागतः प्रफुल

फादर प्रफुल बड़ा ने अपने प्रवचन में कहा आज से लगभग 2000 वर्ष पूर्व ईसा मसीह ने अपने मृत्यु के पहले यरूशलेम शहर में प्रवेश किया था वहां के लोगों ने खीस्त को राजा के रूप में स्वागत किया। धनी लोगों ने सड़क पर कपड़ा बिछाए और जिनके पास बिछाने के लिए कपड़ा नहीं था वे जैतून और खजूर की डाली को उसके मार्ग पर बिछाया । यीशु खीस्त इतने दीन स्वभाव के थे कि राजा होकर भी गधा में सवार होकर शहर प्रवेश किया था। उसी की यादगारी में आज के दिन में खजूर पर्व के द्वारा इस घटना की याद करते हैं और ईसा मसीह को अपने दिलों आप परिवारों में राजा के रूप में स्वागत करते हैं।

# एरोबिक विधि से धान की सीधी बुआई तकनीक को अपनाने की जरूरत : पीके सिंह

**संवाददाता, रांची।**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के अपर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य की सबसे प्रमुख फसल धान है। ऐसी स्थिति में राज्य में मौसम परिवर्तन को देखते हुए किसानों को सीमित स्तर पर एरोबिक विधि से धान की सीधी बुआई तकनीक को अपनाने की जरूरत है। इससे विषम मौसम में भी किसानों को नुकसान नहीं होगा।

डॉ सिंह रविवार को बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उप परियोजना के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम के समापन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खरीफ 2021 में राज्य में धान का बंपर उत्पादन हुआ, जबकि मौसम के बेरुखी की वजह से खरीफ 2022 में धान के रकबा में 9.32 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की कमी और करीब 35 लाख टन कम धान का उत्पादन हुआ।

सिंह ने कहा कि किसानों के खेतों में बीएयू द्वारा विकसित सुगंधित किस्म बिरसा विकास धान-1 का बढ़िया प्रदर्शन देखने को मिला है। इस किस्म की खेती और इसके चावल दाने को बेचकर किसान दुगुनी से अधिक कमाई कर सकते है। उन्होंने सभी किसानों को चावल सुधार परियोजना के अधीन बैटरी चालित स्प्रे मशीन उपादान स्वरूप प्रदान किया।

प्रशिक्षण के दौरान परियोजना प्रभारी (चावल सुधार) डॉ कृष्णा प्रसाद ने झारखंड में धान उत्पादन से संबंधित नई तकनीकी, डॉ एखलाख अहमद ने धान उत्पादन की बढ़ोतरी में फसल प्रजाति की भूमिका, डॉ वर्षा रानी ने सुखाड़ में धान फसल का प्रबंधन, डॉ पीबी साहा ने धान उत्पादन में माइक्रोन्यूट्रीएंट का महत्त्व, डॉ रबिन्द्र प्रसाद ने धान फसल में कीट व्याधि का प्रबंधन एवं डॉ एमके बर्नवाल ने धान फसल में प्रमुख रोगों का प्रबंधन के बारे में बताया।

परियोजना प्रभारी (चावल सुधार) डॉ कृष्णा प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुमला जिले सिसई के प्रखंड, खूंटी जिले के अड़की प्रखंड एवं रांची जिले के मांडर, इटकी, कांके एवं सोनाहातू प्रखंड के कुल 12 गांवों से कुल 50 किसानों ने भाग लिया। इन किसानों से खरीफ-2022 में बिरसा विकास धान-1 किस्म पर कराये गये अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के प्रदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया गया।

### वित्त वर्ष 22-23 में 23 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पार किया

# एनटीपीसी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया

**संवाददाता, रांची।**

एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग का नेतृत्व करते हुए इस वित्तीय वर्ष में 14.02 मिलियन टन की तुलना में 23.20 मिलियन टन के कोयला उत्पादन के साथ 65 प्रतिशत की अभूतपूर्व वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्रदर्शित की है।

पिछले वित्त वर्ष में चार परिचालन कोयला खदानें यानी पकरी-बरवाडीह (झारखंड), चट्टी बरियातू (झारखंड), दुलंगा (ओडिशा) और तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़) ने स्थापना के बाद से इस उच्चतम वार्षिक कोयला उत्पादन को पूरा करने में योगदान दिया है। अभी तक कैप्टिव खदानों ने एनटीपीसी के 22 से अधिक बिजली संयंत्रों को 68.28 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। इस कोयले के उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी ने पिछले वित्त वर्ष में 31.9 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाने की तुलना में 129 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 73.0 मिलियन क्यूबिक मीटर का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य भी हासिल किया है।

एनटीपीसी के सीएमडी ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरी कोयला खनन टीम को बधाई दी और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 31 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विश्वास व्यक्त किया।

निदेशक (संचालन) रमेश बाबू वी और सभी खानों के नामित मालिक, एनटीपीसी ने उत्पादन मानदंड स्थापित करने के लिए कोयला खनन प्रभाग की सराहना की। वित्त वर्ष 22-23 में, देश ने गर्मी की लहरों और तेजी से आर्थिक सुधार के कारण बिजली की मांग में निरंतर वृद्धि देखी। इस ऊर्जा संकट के बीच एनटीपीसी कोयला खनन ने कोयला उत्पादन बढ़ाने और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को लगातार गुणवत्तापूर्ण ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किए।

एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) पार्थ मजूमदार ने विद्युत मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। कोयला मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, झारखंड सरकार, ओडिशा सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार के खान सुरक्षा महानिदेशालय और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, जिला प्रशासन ने एनटीपीसी कोयला खनन के लिए उनके अटूट समर्थन के लिए की सराहना की।

एनटीपीसी प्रबंधन के डिजिटल मिशन के अनुरूप, कोयला खनन टीम ने ई-एसएमपी - डिजिटल सुरक्षा प्रबंधन योजना, सचेतन - सुरक्षा मोबाइल ऐप, खानान दृष्टि - उत्पादन दक्षता की रिकॉर्डिंग और निगरानी के लिए वेब ऐप, एकीकृत कोयला प्रबंधन प्रणाली, लोरावन प्रौद्योगिकी के माध्यम से आदमी और मशीनरी की जीपीएस ट्रैकिंग, टीएलएस के माध्यम से डंप स्लोप मॉनिटरिंग और तलाईपल्ली खदान में एचईएमएम सिम्युलेटर।

एनटीपीसी कोयला खनन कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की जिम्मेदारी को भी स्वीकार करता है। कार्य क्षेत्र धूल दमन और जल छिड़काव प्रणालियों से सुसज्जित हैं। उत्सर्जन, एसओएक्स, एनओएक्स, पार्टिकुलेट मैटर्स आदि की निगरानी लगातार की जा रही है और सभी उपलब्ध अवसरों पर पौधरोपण किया जा रहा है। खानों में बिजली से चलने वाले एचईएमएम भी लगाए गए हैं।

पकरी बरवाडीह खदान में कन्वेयर सिस्टम (एशिया में सबसे बड़ा में से एक) को चालू करके और दुलंगा और तलाईपल्ली खदानों में पिट हेड से पावर प्लांट तक रेल परिवहन का उपयोग करके सड़क मार्ग से कोयले की ढुलाई को कम किया गया है। एनटीपीसी कोल माइनिंग ने सभी बाधाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया है और हितधारकों को सस्ती और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए अपने बिजली संयंत्रों को लगातार गुणवत्ता और आकार के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करना जारी रखेगी।

# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ग्राहक संतुष्टि मामले में दूसरे स्थान पर

**संवाददाता, रांची।**

रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को ग्राहक संतुष्टि में देश भर में दूसरे स्थान पर रहा। पहले स्थान पर उदयपुर एयरपोर्ट रहा। यह सर्वे अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच घरेलू उड़ान भरने वाले लोगों से समीक्षा करके तैयार किया गया है। इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि देश भर के 52 एयरपोर्ट में ग्राहक संतुष्टि सर्वे किया गया था। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एक निजी एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया था।




उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार उन्हें आगामी शुक्रवार को नयी दिल्ली में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरस्कार मिलने से एयरपोर्ट कर्मियों और अधिकारियों में नई ऊर्जा का संचार होगा, और आने वाले दिनों में देश का नंबर वन एयरपोर्ट बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इस सर्वे में एयरपोर्ट पर मिलने वाली जनसुविधा और उसके कार्यप्रणाली का ध्यानपूर्वक जांच के बाद ग्रेडिंग की जाती है। इसमें 50 से अधिक मानक तय किये गये थे। जैसे एयरपोर्ट स्टाफ के व्यवहार, सफाई, शॉपिंग की सुविधा, पार्किंग की सुविधा, रेस्टोरेंट में पैसे के एवज में मिलने वाली सुविधाएं और ग्राउंड पर मिलनेवाली स्टाफ की सुविधाएं शामिल हैं।

# तोरपा में हर्षोल्लास से मना सरहुल, निकली शोभायात्रा

**संवाददाता, खूंटी।**



मंच पर उपस्थित लोग। ● द फोटोन न्यूज

तोरपा में रविवार को प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना स्थल पर पाहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद सरहुल की भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा प्रखंड मैदान से शुरू होकर मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल तक गई।

सरहुल महोत्सव की विशेषता रही कि इसमें न सिर्फ सरना धर्मावलंबी शामिल हुए, बल्कि अपना पारंपरिक धर्म छोड़कर ईसाई बन चुके लोगों ने भी बड़ी संख्या में सरहुल पूजा में पारंपरिक आदिवासी पोशाक में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि सरहुल सिर्फ आदिवासियों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता का पर्व है। उन्होंने कहा कि सरहुल मानव और प्रकृति के अटूट संबंध को और प्रगाढ़ करने और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। साथ ही कहा कि हमें किसी भी हाल में अपने धर्म, संस्कृति और परंपरा को बचाकर रखना है।

कार्यक्रम में संतोषी टोपनो, विनोद धान, दीपक तिग्गा, सुशीला कंडुलना, श्रेया कंडुलना, रोशन कंडुलना, रेडा पाहन, रामध्यान सिंह, संतोष जायसवाल, मोगला पाहन सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ऑटो-कार की टक्कर में 14 लोग घायल



अस्पताल में भर्ती घायल। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, कोडरमा।**

डोमचांच थाना अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवादा चौक पर शनिवार रात कार और ऑटो की टक्कर में 14 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान संदीप शर्मा, सुभाष ठाकुर, जगदीश ठाकुर, सौरभ कुमार, रूपी देवी, खुशबू कुमारी, विशाल कुमार, अंशु कुमारी, प्रमिला देवी, रानी शर्मा, विशाल शर्मा, वंश कुमार, कोमल कुमारी सभी साकिन पुरनानगर, थाना नवलशाही के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि ऑटो में सवार लोग पुरनानगर से डोमचांच पुरनाडीह मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान नवादा चौक पर पुरनाडीह से नवलशाही की ओर जा रहे कार से टक्कर हो गई, जिसमें ऑटो में सवार 14 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से निजी क्लिनिक पुरनाडीह ले जाया गया। मरीजों को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

तीन दिवसीय श्रीश्री 1008 हनुमंत महायज्ञ प्रारंभ

## यज्ञ से सुख-समृद्धि व खुशहाली का आगमन होता है : रोशन लाल चौधरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

बासल क्षेत्र के पलानी गांव के करमटोला में श्रीश्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का रविवार को पंचबहीनी मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल हुए।

कलश यात्रा पंचबहीनी मंदिर प्रांगण से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए लबगा डैम पहुंचा। यहां पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंचोच्चारण के बीच कलशे में जल भरवाया गया। इसके बाद पुनः कलश यात्रा यज्ञस्थल पर पहुंची। जहां कलशों की स्थापना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित ने संपन्न कराया।

मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा की यज्ञ से क्षेत्र में साकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही क्षेत्र में सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली का आगमन भी होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का भी अवसर मिलता है।

श्री चौधरी ने भगवान से क्षेत्र की अमन-चैन व जनता के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। कलश यात्रा में आजसू के केंद्रीय सचिव विजय साहु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भैरव सिंह, किशोर महतो सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल थे।

# खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे दावत ए इफ्तार का आयोजन

**संवाददाता, रांची।**

डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे खानकाह के सज्जादा नशी मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी के जानिब से 10 रमजान बारोज इतवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया। जिसमे सैंकड़ों रोजेदार शामिल होकर एक साथ इफ्तार किया।



दावत-ए-इफ्तार में शामिल लोग। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर सज्जादा नशी सैय्यद शाह अल्कमा शिबली ने अल्लाह तबारक व ताला की बारगाह में मुल्क मे अमन-चैन और राज्य की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी और कहा की रमजान-उल-मुबारक का यह पाक, पवित्र और रहमतों भरा महीना है। इस महीने मे रोजेदारो को इफ्तार करवाने का बहुत ही ज्यादा सवाब है। बता दें कि खानकाह मजहरिया मुनअमिया में हर माह उर्दू की 10 तारीख को लंगर ए गौस ए पाक का आयोजन किया जाता आ रहा है। जिसमे आए लोगों को दीन की बाते हुजूर पाक की सुन्नत और हुजूर हुजूर गौस की जिंदगी के बारे मे आए लोगो को बताया जाता है। लंगर मे आस पास के जरूरत मंद लोगो और खानकाह के मुरीदो को हुजूर गौस ए पाक का लंगर भी खिलाया जाता है।

मौके पर मौलाना सैय्यद अबू राफे तीबरानी, राजी, हेजाजी, हमदी, जैन कादरी, मो शब्बीर, मो कमरू, मो इरफान, शाहिद खान, मो फैजी, मो अल्ताफ आदि ने शिरकत किया।

भुरकुंडा में भाजपा महिला मोर्चा का सुषमा स्वराज अवार्ड समारोह संपन्न

## उत्कृष्ट कार्य के लिए दर्जनों महिलाओं को किया गया सम्मानित

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला रामगढ़ के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सुषमा स्वराज अवार्ड समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया।




अतिथियों के साथ सम्मानित महिलाएं। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण जागरूकता के तहत आत्मनिर्भरता के साथ समाज में बेहतर कार्य कर रही दर्जनों महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को ले लगातार जागरूकता अभियान चलाई गई है। इसी के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज अवार्ड से नवाजा गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अवल्ल हैं। आज महिलाएं भी देश व राज्य के विकास में पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलकर आगे बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मंजू लता दुबे, प्रदेश मिडिया प्रभारी बबीता देवी सहित रामगढ़ जिला प्रभारी शशि कला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरीता ठाकुर, जिला मंत्री महामंत्री खुशबू देवी, मीडिया प्रभारी ऋति श्रीवास्तव, भाजपा भुरकुंडा मंडल के अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि

## रसदा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर में ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

बासल क्षेत्र के रसदा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर में रविवार को रामगढ़ डिस्ट्रिक ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में मास्टर राजेंद्र प्रसाद द्वारा बच्चो को क्यों रूगी और ताइक्वांडो के एडवांस किक, पंच और प्रतियोगिता की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। इसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लिया। साथ कराटे के विभिन्न तकनीकों व उसके फायदों के बारे में विस्तार से जाना।

मौके पर प्रशिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि ताइक्वांडो एक इंटरनेशनल खेल है, जिसे सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त भी है। उन्होंने कहा कि बच्चे पूरी ईमानदारी से मेहनत करें तो भविष्य में कामयाबी की सीढ़ियां निश्चित तौर पर चढेंगे। मौके पर मास्टर राजेंद्र प्रसाद द्वारा क्षेत्र के मास्टर विकास कुमार पाठक को रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन का सचिव नियुक्त करते हुए बधाई दी गई।

# राष्ट्रीय सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों को कराया भोजन, जारी रहेगा सेवाभाव

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**

समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जयप्रकाश पांडेय, प्रो. रामानुज सिंह, उमाशंकर जयसवाल व शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकु ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व लड्डू का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन राम, राकेश शर्मा, लालू राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।



भोजन का वितरण करते मंच के लोग। ● द फोटोन न्यूज

# अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता सह मेले का आयोजन

**संवाद्दाता, बुढ़मू।**

श्री श्री महाबीर केंद्रीय मंडल उरुगुट्टू के तत्वाधान में रामनवमी के अवसर पर रविवार को उरुगुट्टू बाजारटांड़ में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु ने तलवार भांजकर किया।

मौके पर सांसद ने कहा कि रामनवमी हमें असत्य पर सत्य के विजय का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व हमें प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलने का संदेश देता है।



मेले में करतब दिखाते अखाड़ेधारी। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में खलारी, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा समेत रांची जिला के दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों द्वारा देर रात्रि तक एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया गया। सभी अखाड़ेधारियों को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

मेला में बतौर अतिथि विधायक समरीलाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी, कांग्रेस के सुरेश बैठा, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के लाल अमन शाहदेव, राजू नायक,प्रेमप्रकाश सिंह,मनोज महतो,दिलीप बैठा,हरिप्रसाद महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

आरसी मिशन कैथोलिक आश्रम चर्च में धूमधाम से मनाया गया खजूर रविवार

# खजूर रविवार पर मसीही समुदाय ने निकाली शोभा यात्रा

**संवाददाता, हजारीबाग।**

आरसी मिशन कैथोलिक आश्रम चर्च में खजूर रविवार धूमधाम से मनाया गया। ईसाई समुदाय ने कैथोलिक आश्रम से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर शोभा यात्रा निकाली। यात्रा के समय सभी के हाथों में खजूर की डालियां थीं।

बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में प्रभु का रुपांतरण महागिरजाघर में खजूर डाली की पवित्र जल से आशीष के साथ शुभारंभ किया गया। बिशप आनंद जोजो पल्ली पुरोहित फादर अंटोनी, फादर रेमंड सोरेंग, फादर विजय, फादर प्रदीप, फादर अब्राहम ने मिस्सा पूजा संत राबर्ट मध्य विद्यालय के प्रांगण में शुरू किया। प्रभु ईशू के येरुसलेम में प्रवेश करने पर मसीही समाज द्वारा स्वागत किया गया।



शोभायात्रा में शामिल मसीही समुदाय के लोग। ● द फोटोन न्यूज

## रामगढ़ में भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया खजूर पर्व

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के संत मैरी चर्च में रविवार को खजूर पर्व की धर्म विधि भक्ति और आस्था के साथ संपन्न हुआ। आज के दिन प्रभु येसू खीस्त के विजयमान येरूसालेम प्रवेश की स्मृति मनाई जाती है। प्रभु येसू का उद्देश्य यही था कि वे मानव मुक्ति के लिए दु:ख उठाएं, मर जाएं और जी उठें। फादर करमा कच्छप धर्मविधि की शुरूआत करते हुए कहा कि आज के दिन खजूर डाली के जुलूस द्वारा प्रभु येसू के येरूसालेम प्रवेश की समारोही यादगार मनाते हैं। सर्वोच्च में होसन्ना यह गीत गाते हुए गिरजाघर में प्रवेश करते है। वहीं से धर्म विधि शुरू हो जाती हैं। मसीह ने हम सभी लोगों के लिए दु:ख भोगा। हम उनका अनुकरण करें। इसी में हमारी मुक्ति निहित है। समारोह को सफल बनाने में रामगढ़ पल्लि के सभी खीस्त ने सहयोग किया। साथ ही साथ प्रचारक किशोर हेमरोम, प्रेम लकड़ा, सुधीर डुंगडुंग, सिमोन एक्का, हनूक एक्का, विजय हंसदा, सुनिल कुमार, निर्मल तिग्गा, मनोज पोल, आशा कच्छप, रीता मिंज, अन्जेला टोपनो, मेरी ग्रेस एक्का आदि लोगों का योगदान रहा।



खजूर पर्व पर युवती को आशीष देते फादर। ● द फोटोन न्यूज

## ब्रीफ न्यूज

### साहिबगंज में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों में हिंसक झड़प, छह घायल

**साहिबगंज :** साहिबगंज शहरी क्षेत्र में बड़ी दुर्गा स्थान के पास कुली पाड़ा में शनिवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जाते वक्त दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान हुई पत्थरबाजी में एसडीपीओ राजेंद्र दुबे समेत पुलिस के तीन जवान और तीन आम नागरिक घायल हो गए। बताया जाता है कि मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय दूसरे समुदाय के लोगों ने घर के छतों से पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते माहौल हिंसक हो गया। नगर थाना पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इलाके में तनाव व्याप्त है। पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है। नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार ने रविवार को बताया कि दोनों समुदायों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। शहर में बिजली काट दी गई है। दुर्गा मूर्ति का विसर्जन करने तेहला दुर्गा पूजा समिति के लोग जा रहे थे। उपायुक्त रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसडीओ सदर राहुल आनंद, पुलिस इंसपेक्टर शशिशेखर चौधरी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी कुली पाड़ा पहुंच गए हैं।

### सत्याग्रह का दूसरा चरण 15 से : विनय सिन्हा

**मेदिनीनगर :** शहर स्थित कांग्रेस पार्टी की कार्यालय में रविवार को कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा 4 को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में मशाल जुलूस निकाला जाएगा और 5 को नुक्कड़ नाटक का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 को टाउन हॉल में पार्टी के लोग एकत्र होंगे। 15 से सत्याग्रह का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल होंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिटू पाठक, विनोद तिवारी और लक्ष्मी तिवारी मौजूद थे।

### गृह रक्षा वाहिनी होम गार्ड जवान के निधन पर भुरकुंडा में शोकसभा का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** गृह रक्षा वाहिनी होम गार्ड सह समाजसेवी विजय राम के आकस्मिक निधन पर रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में शोकसभा का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्रवासियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। ज्ञाज हो कि पिछले एक सप्ताह से विजय राम लिवर जैसी गंभीर बिमारी से ग्रसित चल रहे थे। रांची स्थित प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। रविवार की सुबह उनका आकस्मिक निधन हो गया। जिससे स्व. विजय राम के परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर उमड़ पड़ी। शोक व्यक्त करने वालो में मुखिया अजय पासवान, पंसस दीपक भुंइया, किशुन नायक, आजाद भुइंया, रोशन पासवान सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

### लापता युवक का मिला शव, पिता ने लगाया हत्या का आरोप



अरविंद उरांव का फाईल फोटो।

**रांची :** कांके थाना क्षेत्र के नीरजा सहाय स्कूल के पास एक खेत से सेमर टोली कांके निवासी अरविंद उरांव (33 वर्ष) पिता प्रेम उरांव का शव रविवार को बरामद हुआ। वह श्री रामनवमी 30 मार्च की रात्रि से लापता था। शव को प्लास्टिक और कंबल में लपेट कर फेंका गया था। पिता प्रेम उरांव ने हत्या कर फेंकने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया की कुछ दिनों पहले उनके गोतिया लोगों के साथ पुश्तैनी जमीन और इसमें लगे पेड़ को काटने को लेकर विवाद हुआ था। उसमें से एक सदस्य ने सबक सिखाने की बात कही थी। उनके परिवार के एक युवा सदस्य की मौत सड़क दुर्घटना में करमा पर्व के समय हुई थी, जिसके लिए डायन बिसाही का आरोप भी अरविंद की मां पर कथित तौर पर गोतिया लोगों के परिवार के सदस्यों ने लगाया था। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए रिम्स भेज दिया है। अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

### चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया युवक, भेजा गया जेल

**कांके :** थाना क्षेत्र के कृषि विहार कॉलोनी ब्लॉक स्थित अभिमन्यु सिंह के मकान में रह रहे किरायेदार जुएल राणा के कमरे का ताला तोड़कर दिनदहाड़े चोरी का प्रयास करते हुए एक युवक रंगे हाथ पकड़ा गया। घटना रविवार की सुबह लगभग 8:30 बजे की है। घटना के समय जुएल अपने अन्य साथियों के साथ नाश्ता करने होटल गए थे। घर में ताला लगा देख कर चूड़ी टोला निवासी मोरिस तिर्की (20 वर्ष) पिता स्वर्गीय किशोर तिर्की लोहे के रॉड से ताला तोड़ कर घर में घुस गया। वह सामानों को उलट-पुलट कर उसमें कीमती जेवरात और पैसा आदि खोजने लगा। इसी बीच जुएल और साथी घर पहुंच गए। ताला टूटा देख उनको चोरी की आशंका हुई। घर में घुसते ही उन्होंने मोरिस को सामान उलटते देख लिया। रंगे हाथ पकड़कर उसकी पिटाई की तथा पुलिस को सूचना देकर उनके हवाले कर दिया। पुलिस ने उसको जेल भेज दिया है। वह पहले भी चोरी के केस में जेल जा चुका है।

### गोला मंडल में किया गया भाजपा बूथ समिति का गठन

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार नए 31 सदस्यीय,बूथ समिति निर्माण गोला मंडल में संपन्न हुआ। गोला मंडल के 84 बुथों पर समिति गठन किया गया। सभी बूथ समिति का सत्यापन के लिए गोला मंडल के प्रवासी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबन गुप्ता अग्रवाल ने किया। मुहल्ला स्थिति महामंत्री जितेंद्र साहु के आवास पर बुथ समिति का फार्म में सत्यापित किए। उन्होंने कहा की 2024 का लोकसभा ओर विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। पूरे देश में बूथ का निर्माण नए सिरे से किया जा रहा है। अभी तक रामगढ़ विधानसभा में सर्व प्रथम गोला मंडल में सभी बूथ समिति का निर्माण किया गया है। इसके लिए गोला मंडल बधाई के पात्र हैं।

### कोमावयू व ऑझारैविमो ने 4.10 लाख एमटी कोयला उत्पादन किया, कोलकर्मियों को दी गई बधाई

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी एआईसीसीटीयू एवं ऑल झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड ने रविवार को कोयला उत्पादन में लक्ष्य अधिक की प्राप्ति पर हर्ष जताते हुए बरका-सयाल जीएम अजय सिंह को बधाई दी है। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय क्षेत्रीय सचिव सह मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति का श्रेय महाप्रबंधक अजय सिंह के अथक प्रयास एवं कोयला मजदूरों की कड़ी मेहनत को दी है। उन्होंने 3 लाख एमटी कोयला उत्पादन लक्ष्य को पार कर 4.10 लाख एमटी कोयला का उत्पादन कर कीर्तिमान रचने पर जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, सयाल डी पीओ सुबोध कुमार, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार व कोयला कर्मियों को अपनी यूनियन की ओर से बधाई दी है। साथ ही इस सफलता के लिए जीएम से कर्मियों को पुरस्कृत करने की मांग की है।

### सयाल में डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** सयाल अंबेडकर भवन में रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव व समाजसेवी संचालन वीरेंद्र पासवान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जन्म उत्सव धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉ. रमेंद्र कुमार होंगे। बताया गया कि कार्यक्रम में सयाल उत्तरी पंचायत के सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में सयाल अंबेडकर समिति एवं निगरानी समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सचिव वीरेंद्र पासवान, निगरानी समिति में पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्चना देवी आदि शामिल हैं।

# अगले दौरे में सासाराम में ही सम्राट अशोक के सम्मेलन में जरूर आएंगे : अमित शाह



## साफ ऐलान- भाजपा कभी भी नीतीश के साथ न जाएगी, न साथ लेगी

गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार वासियों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अबतक 1.61 करोड़ शौचालय बना चुके हैं। मोदी जी ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है। शाह ने नवादा वालों से पूछा कि मुझे बताओ कश्मीर हमारा है या नहीं, धारा 370 हटनी चाहिए थी या नहीं। जदयू वालों ने विरोध किया, यह तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहते थे। मोदीजी ने 370 हटाया। अयोध्या में श्री राम जी का मंदिर बनना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, जदयू, राजद, ममता...सब इसका विरोध करते थे। मोदी जी ने एक दिन श्रीराम मंदिर का सुबह शिलान्यास कर दिया। मोदीजी ने हमारी सांस्कृतिक धरोहर के पुनर्निर्माण का रास्ता बना दिया। शाह ने आगे कहा कि बिहारशरीफ-नालंदा में आग लगी है, सासाराम में आग लगी है। चार में चार सीटें दीजिए मोदी जी को 2024 में, 2025 में भाजपा की सरकार बनाइए। दंगा करने वालों को उलटा कर सीधा करने का काम कीजिए। अमित शाह ने पूछा कि बिहार की चालीस में चालीस सीटें मोदी जी को देंगे क्या? मोदी जी को सुनाई नहीं पड़ता, जोर से बोलिए, 2024 में मोदी जी की सरकार बनाएंगे। 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बनाएंगे, मोदी जी को जिताएंगे। इसके आगे उन्होंने कहा कि नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं, किसी भी कीमत पर समझौता नहीं होगा। नीतीश ने कई लोगों को धोखा दिया है। यह भी कहा कि चुनावी सभा में साफ ऐलान- भाजपा कभी भी नीतीश के साथ न जाएगी, न साथ लेगी। 2024 के बाद महागठबंधन नहीं रहेगा। साथ ही उन्होंने सासाराम नहीं जा पाने के लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज लौट आया है।अब सभी की निगाहें केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर टिकी हैं। कयास लगाया जा रहा है कि अमित शाह सासाराम की घटना को लेकर बिहार सरकार पर हमला बोल सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। डीएम उदिता सिंह और एसपी अम्बरीष राहुल स्वयं सुरक्षा की कमान संभाले हुए है।

## संक्षिप्त -समाचार

### विद्यालय स्तर पर प्रैक्टिकल परीक्षा का मूल्यांकन समाप्त हो: दामोदर दास गुप्ता

बारुण (औरंगाबाद)। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय गोह की छात्रा ज्ञानी अनुपमा ने मैट्रिक में 486 अंक प्राप्त कर बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त की है। इसमें कुछ प्रथम अंक को लेकर शंसय दिखता है। यह बात बारुण केशव उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दामोदर दास गुप्ता ने कहीं। उन्होंने बताया कि साइंस प्रैक्टिकल में 20 अंक तथा सोशल साइंस में 20 अंक मिला होता, तो बिहार टॉपर बन जाती और औरंगाबाद जिला का नाम रोशन होता। ज्ञातव्य है कि ज्ञानी अनुपमा को साईंस प्रैक्टिकल में 19 तथा सोशल साईंस मे मात्र 18 अंक दिये गये हैं। प्रैक्टिकल में जो विद्यालय स्तर पर नम्बर बोर्ड में भेजा जाता है,उसमें बढ़े पैमाने पर धांधली होती है। जिन छात्र-छात्राओं के अभिभावक की पैरवी रहती है,दबदबा रहता है, उन्हें अधिकतम अंक दिये जाते हैं। दुसरी ओर गरीब, पिछड़ी, दलित वर्ग के मेधावी छात्र को कम अंक दिये जाते हैं तथा उनकी प्रतिभा को कुंडित कर हतोत्साहित कर दिया जाता है। इसके लिए सम्बंधित विद्यालय के सम्बंधित विषय के प्रैक्टिकल में कुल 40 अंक मिले होते तो ज्ञानी अनुपमा 489 अंक प्राप्त कर पुरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त की होती। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को चाहिए की विद्यालय स्तर पर प्रैक्टिकल का मुल्यांकन पद्धति समाप्त करें ताकि मेधावी छात्र छात्राओं की प्रतिभा कुंठित न हो।

### स्वस्थ रहने के लिये व्यायाम जरूरी: डॉ मार्टिना जॉन



**बिलासपुर।** सत्ताइस खोली के कलगीधर गुरुद्वारा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर एमपीटी आर्थो डॉक्टर मार्टिना जॉन ने सर्वाईकल स्पंडोलाइटिस , फ्रोजेन शोल्डर , कमर ,एड़ी का दर्द , आर्थराइटिस , डीप ब्रीथिंग एक्सरसाइज ,कोर स्ट्रेंग्थिन पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शारीरिक तकलीफों पर व्यायाम सबसे सुंदर उपाय है । उन्होंने पंजाबी समाज के सदस्यों की समस्याओं का निवारण भी किया। उन्होंने कहा कि कसरत एवं स्ट्रेचिंग से हम कई परेशानियों से घर बैठे ही छुटकारा पा सकते हैं । उन्होंने फिज़ियोथेरेपी के महत्व से भी अवगत कराया। इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में महावीर सिंह संधु, प्रशांत नारंग, जसविंदर पाल सिंह, जीत सिंह सहित पंजाबी समाज की महिलाएँ पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मंडल कारा औरंगाबाद,उपकारा दाउदनगर और प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी का किया निरीक्षण



**औरंगाबाद।** किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान न्यायाधीश मनीष कुमार पांडेय ने मंडल कारा औरंगाबाद उपकारा दाउदनगर और प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी का औचक निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और कई मामलों में सुधार के दिशा निर्देश दिया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्लेस ऑफ सेफ्टी में विधि विरुद्ध बालक क्षमता से अधिक पाये गए। कुछ बालकों ने बताया कि नियमित डॉक्टर उपलब्ध न रहने से स्वास्थ्य संबंधी असुविधा होती है। कुछ बच्चे ने बताया कि रोजा में है। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देश दिए कि देखभाल में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। मंडल कारा औरंगाबाद में लगभग एक दर्जन कैदी को किशोर चिन्हित किया गया जिसकी प्रमाणिकता साबित कर बाल सुधार गृह गया भेजने का उपस्थित अधिकारियों को कहा गया। साथ ही साफ सफाई में ढिलई न बरतनें को कहा गया। वहीं उपकारा दाउदनगर के कैदीयों ने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया कि हमारी वादों की सुनवाई तेजी से कराने में मदद करें अधिकांश कैदी अपने विचारणीय वादों के शीघ्र फैसले के लिए चिंतित थे उनसे कहा गया कि जिन कैदीयों के केस में पैरवी वास्ते अधिवक्ता नहीं है वे जेल में नियुक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के पैनल अधिवक्ता से सलाह लें तथा प्लि बार्गेनिंग का लाभ ले। इस अवसर पर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के महिला

## मदनपुर क्षेत्र में सीआरपीएफ 47 वीं बटालियन ने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



औरंगाबाद। जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र के तरी पर गांव में सीआरपीएफ 47 वीं बटालियन की टीम द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन कमांडेन्ट जियांऊ सिंह ने किया। इस शिविर में आसपास के कई गांवो के लोगों ने भाग लिया। जिसमें कनौदी, आजाद विगहा, मुंशी विगहा, छालीदोहर, गुरमी डीह, रामराज बिगहा, छेछानी सियारी, सहजपुर, कोईलवा, चरैया, मुडगडा, दलेल विगहा, आंजन, लंगुराही, समेत कई अन्य गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।सीआरपीएफ के अधिकारियों द्वारा शिविर में पहुंचे ग्रामीणों के बीच कई चीजें वित्तरित की गई। जिसमें वस्त्र, खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल व ड्रेस तथा छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री व सोलर लैंप का वितरण किया गया गया। इस दौरान कमांडेंट ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सिविक कार्यक्रम के तहत नक्सल प्रभावित इलाके ग्रामीणों को सुविधा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सली कभी नहीं चाहते थे कि आप सभी ग्रामीणों के बच्चे पढें । वे नहीं चाहते थे कि जंगल तटीय गांवों के लोग शिक्षित बनें और पिछड़े इलाकों का विकास हो । वे कम पढ़े लिखे युवाओं को अपना शिकार बनाते थे तथा मुख्यधारा से भटका कर देश विरोधी कार्यों में लगाते थे। आज शिक्षा सभी की जरूरत है। मुख्यधारा से जुड़कर ही किसी भी क्षेत्र का विकास संभव है। आपको बता दें कि सेंट्रेल रिजर्व पुलिस फोर्स (उफ्ढत्र्) ने लोगों के बीच अच्छे संबंध बनाने के लिए बड़ी पहल की है। जिसके तहत सीआपीएफ द्वारा ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से सिविक एक्शन प्रोग्राम भी चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीणों को उनके उपयोग की सामग्री का वितरण किया गया है।

## सहरसा की जय मां भवानी राइस मिल में लगी आग

बिहार में सहरसा के बनगांव थाना क्षेत्र के बरियाही स्थित जय मां भवानी राइस मिल में भीषण आग लग गई। इस हादसे में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग किन कारणों से लगी ये अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया है। राइस मिल में रखे धान और चावल की क्षति हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, क्षति का आकलन किया जा रहा है। दमकल विभाग के पदाधिकारी कन्हाई यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही हम लोग तीन गाड़ी लेकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए। साथ ही जिले की कई दमकल की गाड़ियों को मंगवाया गया। हम लोगों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया है। राइस मिल को बचा लिया गया। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। फिलवक्त क्षति का आकलन किया जा रहा है। वहीं, मौके पर मौजूद बनगांव थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि दमकल को सूचना देने के बाद आग पर काबू पाया गया। संभवतः ट्रांसफॉर्मर से मिल में जुड़ी लाइन में किसी प्रकार के फॉल्ट की वजह से आग लगी है। हादसे में धान और चावल की क्षति हुई है।


# केंद्रीय मंत्री गिरिराज गरजे, संभल नहीं रहा बिहार तो यूपी में जाकर योगी से ट्रेनिंग लें नीतीश कुमार






बिहार : देश के गृह मंत्री का कार्यक्रम जहां होने वाला हो, वहां धार्मिक जुलूस पर हमला हो। रोड़ेबाजी हो। अंधाधुंध फायरिंग हो। युवक की हत्या कर दी जाएगी। और, मुख्यमंत्री कहें कि लॉ एंड ऑर्डर का इश्यू नहीं है! यह तुष्टीकरण की राजनीति ही तो हैं। बिहार संभाल नहीं पा रहे हैं नीतीश कुमार। जाकर दोगुनी जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश को संभाल रहे बुलडोजर बाबा से सीखें। राज्य चलाने के लिए योगी बाबा की टेक्निक अपनावें।" रविवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पटना में यह बातें कहीं। वह बिहार में हो रही हिंसा और इस आधार पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सासाराम रैली के रद्द होने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। गिरिराज सिंह ने कहा- "मोर सैंया कोतवाल तो डर काहे का...यह सोचकर हिंसा फैलाई जा रही है और पता नहीं सरकार के अधिकारी कहां-क्या कर रहे हैं! पता नहीं था कि जुलूस निकलने वाला है, हर साल निकलता है तो भी इनका इंटेलिजेंस सिस्टम क्या कर रहा था? सासाराम में बमबाजी हुई। धारा 144 लगाई गई। थानेदार कह रहे हैं कि धारा 144 लागू है। दूसरे दिन सासाराम में डीएम कह रहे है कि धारा 144 नहीं लगा है। सब तो मीडिया में चल रहा है।" केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कहा- "धार्मिक जुलूस के लिए गली को लेकर निर्धारण क्यों होगा? क्या नालंदा या सासाराम जिले में किसी धार्मिक जुलूस के लिए गली तय करना सही है? यह बंटवारा तो होना ही गलत है। क्या दूसरे धर्म के जुलूसों में गलियों की यह पांबदी लगती है? यह तुष्टीकरण या गलत संरक्षण क्यों? किसी को भी, कहीं भी जाने की आजादी अपने देश में नहीं मिलेगी तो क्या पाकिस्तान में मिलेगी? मुख्यमंत्री लाचार हैं तो बहाना कर रहे हैं। यूपी में दोगुनी आबादी है। वहां एक भी परिंदा पर नहीं मार पा रहा। उन्होंने लाउडस्पीकर हटाया तो मंदिरों से भी हटाया और मस्जिदों से भी हटाया। सीखना हो तो आपके बगल में उत्तर प्रदेश है, नीतीश कुमार जाकर बुलडोजर बाबा से सीख लें।"

# पुणे से पटना उतर मधेपुरा जाना था, टेम्पो हादसे में गई युवक की जान



अनहोनी इसे ही कहते हैं। दो भाई पुणे से मधेपुरा जाने के लिए निकले। ट्रेन से दानापुर उतरने के बाद सोचा कि कुछ ही किलोमीटर दूसर सगुना इलाके में रिश्तदार से मिल लें। दानापुर स्टेशन से ऑटो लेकर सगुना के लिए निकले। खाली रास्ते पर ऑटोरिक्शा गति में था, तभी अचानक एक रास्ते से तेज गति में निकली बाइक सामने आ गई। बाइक से बचाने में ऑटोरिक्शा ऐसे अनियंत्रित हुआ कि बड़े भाई की जान चली गई। छोटा अस्पताल में भर्ती है। बताया जा रहा है कि मधेपुरा निवासी मदन मेहता (36 वर्ष) पुणे से चलकर दानापुर स्टेशन उतरा था। वह दानापुर स्टेशन से ऑटो पकड़ कर सगुना मोड़ अपने किसी परिवार के यहां मिलने जा रहे था। ऑटो में छोटा भाई आशीष कुमार (26 वर्ष) भी साथ था। सगुना मोड़ के पास पहुंचते ही एक मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। इस हादसे में मधेपुरा निवासी मदन मेहता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके भाई बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना सगुना मोड़ स्थित ट्राफिक पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल आशीष कुमार को पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया। ट्रैफिक पुलिस ने लाश को को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुट गई है। ट्रैफिक थाना के प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि दानापुर से चलकर ऑटो सगुना मोर के नजदीक पहुंची थी कि एक मोटरसाइकिल सड़क पार कर रहा था। मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई और इसमें दबने से मदन मेहता की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुत्र ने दंपति को ठुकराया तो समीर ने अपनाया



**डेहरी (रोहतास)।** जिसका कोई नही होता उसका समीर है यारो. यह चर्चा डेहरी विधानसभा क्षेत्र में तेजी से जारी है। हो भी क्यों न। दो पुत्र द्वारा अपने माता-पिता के ठुकराने के बाद डेहरी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह जन अधिकार पार्टी (लो०) के प्रदेश महासचिव समीर कुमार ने दंपति प्रभु दयाल पांडेय केलिए पुत्र की भूमिका निभाने में जुट गए हैं। पूरा मामला डालमियानगर के एस ब्लॉक निवासी 78 वर्षीय प्रभु दयाल पांडेय से जुड़ा है। जिनके दो पुत्र करीब 8 वर्षों से उन्हें छोड़कर चले गए। क्योंकि बुढ़ापे में दो पुत्रों के लिए यह दंपति बोझ सा लग रहे थे। एस ब्लॉक के क्वार्टर संख्या 150 में रहने वाले प्रभु दयाल पांडेय का दर्द सुनकर जहां हर किसी के आंखों में आंसू आ जा रहा है, वही दो कलयुगों पुत्र की सर्वत्र निंदा हो रही है। बताया जाता है, कि प्रभु दयाल पांडेय रोहतास उद्योग पुंज में कार्य करते थे। वे जिला से लेकर राज्य स्तर के कई मजदूर संगठन में पदाधिकारी भी रह चुके हैं। उनका कहना है, कि वर्ष 2012 के बाद दोनों पुत्र व पुत्र वधू ने उन्हें आर्थिक व शारीरिक सहयोग करने से इंकार कर दिया। तथा पुत्र व पुत्रवधू द्वारा प्रताड़ना मिलने लगा, तब उन्होंने डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष भरण पोषण अधिनियम के तहत वाद दायर किया। दायर वाद के आधार पर अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए प्रभु दयाल पांडेय के पुत्र विनोद पांडेय प्रमोद पांडेय व पुत्रवधू अमृता पांडेय पर वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण कल्याण अधिनियम 2012 के नियम 3 के तहत नोटिस निर्गत करते हुए दोनों पुत्र को अपने माता-पिता के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण देने के लिए आदेश जारी किया। अनुमंडल दंडाधिकारी से आदेश पारित होने के बाद ही दोनों पुत्र माता-पिता को छोड़ फरार हो गए। जिसके बाद प्रभु दयाल पांडेय पैरालाइसिस रोग के शिकार हो गए हैं। दंपति को सरकार द्वारा वृद्धा पेंशन प्रतिमा 800 प्राप्त होता है, जिससे किसी तरह खर्च चलता है। प्रभु दयाल पांडेय का कहना है, कि जानकारो के द्वारा मदद करने व वृद्धा पेंशन के पैसे से किसी तरह जिंदगी कट रही है। अब रोहतास उद्योग समूह द्वारा क्वार्टर खाली करने की नोटिस मिली है, ऐसे में सड़क पर रहने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। बीमार पड़े बृद्ध प्रभु दयाल पांडेय के बारे में जानकारी मिलते हीं जाप प्रदेश महासचिव समीर कुमार उनके घर पहुंचे, और वस्तुस्थिति को जानते हुए दंपति को भरोसा दिलाया कि दोनों पुत्र ने साथ छोड़ा तो क्या हुआ, पुत्र ना सही पुत्र की तरह फर्ज निभाऊँगा। और आज के बाद वृद्ध दंपति को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। उनके जीवन यापन से लेकर इलाज वह अन्य सभी खर्च वह अपने टीम के साथ उठाएंगे। समीर टीम के सदस्य आलोक सिंघानिया, ललित सिन्हा, धनु श्रीवास्तव आदि ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही यह भी कहा कि समाज में रहने वाले लोगों को ऐसे वृद्ध दंपतियों को मदद करना चाहिए।

## सांसद खेल महोत्सव की धूम पहुंची पटना सिटी और बख्तियारपुर



पटना। पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में हो रहे चार दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आगाज हो चुका है। खेल के दूसरे दिन पटना सिटी और बख्तियारपुर में बड़े स्तर पर खेल का आयोजन हुआ है साथ ही पाटलिपुत्र खेल परिसर में भी कबड्डी और कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो की कल विभिन्न आयु के प्रतिभागी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर बहुत ही उत्साह के साथ खेल में भाग ले रहे है। पटना सिटी स्थित मनोज कमलिया स्टेडियम में जाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और गुब्बारा उड़ाकर विधिवत शुभारंभ किया। खेल शुरू होने से पूर्व श्री प्रसाद खिलाड़ियों के साथ परिचय किया साथ ही अपने पुराने दिनों को याद करते हुए ग्राउंड में खिलाड़ियों के साथ कुछ क्षण के लिए फुटबॉल खेलते नजर आए। इस मौके पर पटनासिटी से पुराने खिलाड़ियों का सम्मानित कर अभिनंदन किया। विदित हो की सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। इस दूरगामी सोच का परिणाम है की छोटे-छोटे कस्बे और गांव से बच्चे खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर आगे राज्यस्तर और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर मान बढ़ाएंगे। अनुमान के अनुसार इस पूरे खेल में हजार से अधिक बच्चो ने अपनी पंजीयन कराया है और खेल में भाग ले रहे है। सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभागियों के साथ ही उनके परिवार के सदस्यों का उत्साह भी देखने लायक था। इस सांसद खेल महोत्सव का समापन मंगलवार 4 अप्रैल 2023 को पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा जहां विजेता सहित सभी सहभागी को सम्मानित किया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर देश के मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## संपादकीय

# आमजन को बड़ी राहत

दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित मरीजों और उनके परिजनों को सरकार ने बड़ी राहत दी। केंद्र सरकार ने दुर्लभ बीमारियों को लेकर इलाज में शामिल दवाओं और विशेष खाद्य सामग्री पर सीमा शुल्क खत्म करने की अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी की। इसके अलावा सरकार ने कैंसर इलाज में शामिल पेमब्रालीजूमाब (केट्रूडा) को भी बुनियादी सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया है। खास बात यह है कि सरकार ने दुर्लभ रोग नीति 2021 के तहत सूचीबद्ध सभी दुर्लभ बीमारियों को इसमें शामिल किया है। हालांकि इस छूट को पाने के लिए राज्य स्वास्थ्य निदेशक या फिर जिला चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। वैसे अगर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के नियम को ज्यादा आसान और सहज बनाया जाए तो पीड़ितों को थोड़ी और राहत मिल सकेगी। फिर भी सरकार का यह कदम प्रशंसनीय कहा जाएगा क्योंकि कई दवाएं अभी भी ऐसी हैं जिन पर 10 फीसद तक शुल्क लगता है। दरअसल, काफी समय से अन्य दुर्लभ बीमारियों को लेकर भी सरकार को पीड़ित परिवारों के पत्र मिल रहे थे, इसी आधार पर फैसला किया गया। वहीं कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कुछ दिन पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्ची के इलाज में प्रयोग होने वाली आयातित दवा को सीमा शुल्क से छूट प्रदान करने के बाबत पत्र लिखा था। यह बात जगजाहिर है कि देश में दुर्लभ बीमारियों का उपचार काफी महंगा है, जिसके चलते सामान्य परिवार भी आर्थिक तौर पर परेशान हो जाते हैं और अनाप-शनाप इलाज कराने लगते हैं। इससे पहले सरकार ने राष्ट्रीय नीति के तहत दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त रोगियों की मदद के लिए 50 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। ज्ञातव्य है कि देश में 450 दुर्लभ बीमारियों के करीब सात करोड़ मरीज हैं। निश्चित तौर पर सरकार के इस फैसले से काफी लोगों को सुकून का अहसास होगा। देश में वैसे भी इलाज किस कदर महंगा है, यह हर कोई जानता है। आमजन में दवा और उसके कंपोजिशन का ज्ञान नहीं होने के चलते कई बार कम कीमत वाली दवा भी दुकानदार महंगा बेचते हैं। अलबत्ता, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुल जाने की वजह से ज्यादातर लोगों को अब दवा काफी कम कीमतों पर उपलब्ध हैं। सरकार को यह प्रयास भी करना चाहिए कि दवा के साथ-साथ सरकारी अस्पतालों में भी बेहतर इलाज मिल सके।

# भारत-रूस सुरक्षा संधि की ओर!

रूस के राष्ट्रपति ब्लीदिमीर पुतिन ने देश की विदेश नीति का जो नया दस्तावेज जारी किया है उसमें भारत को लेकर एक महह्नवपूर्ण घोषणा है। देश-विदेश के सुरक्षा विश्लेषक और कूटनीतिक इस बात का लेखा-जोखा लेंगे कि क्या भारत और रूस के बीच सुरक्षा संबंधी कोई सहमति बन रही है। दस्तावेज में भारत के बारे में कहा गया है 'रूस भारत के साथ विशेष प्रकार की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाएगा। सभी क्षेत्रों में पररस्पर हित के मामलों में सहयोग का विस्तार होगा तथा द्विपक्षीय संबंधों में दो तरफा व्यापार निवेश और प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम विरोधी देशों की और उनके गठबंधनों की नुकसान पहुंचाने वाली कार्रवाईयों का विरोध करेंगे।' इस पैराग्राफ की अंतिम पंक्तियों की व्याख्या कई तरह से हो सकती हैं। सामान्य रूप से यह कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति पुतिन भारत को सुरक्षा गारंटी दे रहे हैं। इस दस्तावेज से भान हो रहा है जैसे कि रूस भारत के साथ उसी तरह की संधि और मित्रता चाहता है जैसी तत्कालीन सोवियत संघ के समय थी।

पिछले दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत ड़ोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन से मास्को में वार्ता की थी। अभी हाल में रूस के राष्ट्रीय सलाहकार निकोलाई पत्रुशेव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विचार-विमर्श किया था। बहुत संभव है कि दोनों पक्षों के बीच रूस की नई विदेश नीति के बारे में विचार-विमर्श हुआ होगा। अमेरिका और पश्चिमी देशों के विरुळद्ध लामबंदी में चीन रूस का प्रमुख सहयोगी है। अमेरिका को लेकर दोनों देशों की चिंताएं समान हैं। इसी आधार पर दोनों देशों ने अमेरिका के विरुद्ध एक मोर्चा कायम कर रखा है। भारत के कूटनीतिक हलकों में रूस और चीन के बीच निकट साझेदारी को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है। पश्चिमी देश और उनकी मीड़िया इस साझेदारी को लेकर हव्वा खड़ा कर रहे हैं। उनकी दलील है कि रूस और चीन के विरुद्ध भारत को अमेरिका की ओर रुळख करना चाहिए ताकि हिमालय सीमा क्षेत्र में भारत की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। राष्ट्रपति पुतिन ने अपनी नई विदेश नीति में भारत की इसी चिंता को दूर करने का प्रयास किया है।

'विरोधी देशों और गठबंधनों को नुकसान पहुंचाने वाली कार्रवाइयों का प्रतिकार' किस विरोधी देश या गठबंधन की ओर इशारा कर रहा है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। तात्कालिक रूप से भारत की मुख्य सुरक्षा चिंता चीन को लेकर है। राष्ट्रपति पुतिन ने नये दस्तावेज के रूप में भारत को प्रकारांतर से सुरक्षा गारंटी देने का भरोसा दिलाया है। इस कथन का यदि विस्तार किया जाए तो कहा जा सकता है कि दोनों देश करीब पांच दशक पहले हुई भारत-सोवियत संघ मैत्री संधि की भावना की ओर बढ़ रहे हैं। उसी संधि के बलबूते भारत ने अमेरिका और पश्चिमी देशों की धमकियों का सामना करते हुए बांग्लादेश की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया था। भारत को धमकाने के लिए जब अमेरिका ने अपने सातवें नौसैनिक बेड़े को बंगाल की खाड़ी की ओर रवाना किया था तो रूस के युद्धपोतों ने उनका पीछा किया था। इस मैत्री संधि की स्वर्णजयंती के सिलसिले में मास्को स्थित भारतीय दूतावास में आयोजन हुआ था। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस के साथ भारत की ऐसी कोई संधि नहीं है। रूस के साथ विशेष प्रकार के रणनीतिक साझेदारी पहले की मैत्री संधि का स्थान नहीं ले सकतीग लेकिन नये दस्तावेज में पुतिन ने मैत्री संधि जैसा भरोसा भारत को दिलाया है।

रूस की नई विदेश नीति की घोषणा के तुरंत बाद पश्चिमी देशों के सैन्य संगठन नाटो की ओर से कहा गया कि वह भारत के साथ संपर्क बढ़ाने का इच्छुक है। भारत की विदेश नीति में परस्पर विरोधी देशों और गुटों के बीच संतुलन कायम करते हुए स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दिया गया है। हाल के दिनों में अमेरिका और पश्चिमी देशों के सामने भी यह स्पष्ट हो गया है कि भारत एशिया में महाशक्तियों के शक्ति-परीक्षण में पक्ष नहीं बनेगा। जहां तक चीन को लेकर सुरक्षा चिंता की बात है तो भारत इस संदर्भ में रूस का साथ लेना पसंद करेगा। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति में रूस का वही केंद्रीय महह्नव फिर से उजागर हो रहा है जो कभी शीत युद्ध काल में सोवियत संघ के साथ हुआ करता था।

तात्कालिक रूप से भारत की मुख्य सुरक्षा चिंता चीन को लेकर है। राष्ट्रपति पुतिन ने नये दस्तावेज के रूप में भारत को प्रकारांतर से सुरक्षा गारंटी देने का भरोसा दिलाया है। इस कथन का यदि विस्तार किया जाए तो कहा जा सकता है कि दोनों देश करीब पांच दशक पहले हुई भारत-सोवियत संघ मैत्री संधि की भावना की ओर बढ़ रहे हैं।

## सूक्ति

एक मुर्ख खुद को बुद्धिमान समझता है, लेकिन बुद्धिमान व्यक्ति खुद को मुर्ख समझता है।
– विलियम शेक्सपियर

विश्वास वो शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनिया में प्रकाश किया जा सकता है।
– हेलेन केलर

## चिंतन-मनन

# श्रद्धा के मुताबिक पूजा


हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलत- इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलत- वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलत- सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं। अत- किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

# विश्व शांति के लिये भगवान महावीर का अहिंसा संदेश आज भी प्रासंगिक

**3 अप्रेल महावीर जन्मोत्सव पर विशेष**



विजय कुमार जैन

> दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिये हमें हर कीमत पर भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलना होगा। तभी भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत की रक्षा होगी। भारत ने कभी हिंसा में विश्वास नहीं किया। हमारा विश्वास भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर दूसरों की जान लेकर जीने में नहीं वरन अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की रक्षा करने में है। अलगाव वाद,साम्राज्यवाद, तानाशाही से विश्व मुक्त हो इस हेतु भगवान महावीर द्वारा बताये मार्ग का अनुशरण करने में ही हम सबका कल्याण होगा। भगवान महावीर का जन्मोत्सव एवं निर्वाणोत्सव मनाकर हम आज औपचारिकता ही कर रहे हैं। आवश्यकता है उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलने की।



अहिंसा के अवतार युगदृष्टा भगवान महावीर का 2622 वाँ जन्मोत्सव हम चैत्र शुक्ल 13 दिनांक 03 अप्रैल 23 दिन सोमवार को मना रहे हैं। भगवान महावीर का 2549 वाँ निर्वाणोत्सव हमने कार्तिक कृष्णा अमावस्या 25 अक्टूबर 22 मंगलवार को मनाया है। भगवान महावीर एक युग पुरुष, युग दृष्टा, एक महामानव थे। वे जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे। क्षत्रिय राज कुमार होने के बावजूद भी उन्होंने कभी विश्व विजय का सपना नहीं देखा। जिस समय भगवान महावीर का अवतरण हुआ, दुनिया में हिंसा और अत्याचार का बोल बाला था। महाबीर ने विषम परिस्थिति में सच्चा मार्ग दुनिया को दिखलाया। आपने प्राणीमात्र के सुख के लिये जिओ और जीने दो का अमूल्य मंत्र दिया। वर्तमान में भगवान महावीर के जन्मोत्सव के अवसर हम पीछे मुड़कर देखें तो पिछले तीन वर्ष से सारी दुनिया कोरोना से पीड़ित रही है। कहते हैं चीन में आम आदमी ने जहरीले जीव जन्तुओं को अपनी जिव्हा का स्वाद बढ़ाने उनका वेरहमी से भक्षण किया, यह भी आरोप है कि कोरोना महामारी का शुभारंभ सन 2019 में चीन से हुआ, और यह महामारी सारी दुनिया में आग की तरह फैल गई। सभी ओर से आबाज आ रही है हिंसा और मांसाहार को त्याग कर ही कोरोना जैसी जानलेवा महामारी से बचा जा सकता हैं। इस महामारी से लड़ने भगवान महाबीर का अहिंसा शाकाहार सिद्धांत प्रासंगिक है। शाकाहारी समाज के लिये यह सुखद संदेश है कोरोना महामारी से पीड़ित दुनिया के लगभग सभी देशों में स्वस्थ्य रहने मांसाहार त्याग कर शाकाहार को स्वीकार किया जा रहा है।

विश्व प्रेम ही भगवान महावीर का दिव्य संदेश है। भगवान महावीर के इसी सिद्धांत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन का मूलमंत्र माना था। हमारे भारत की यह नीति है किसी दूसरे देश की भूमि मत हड़पो। सन 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान युद्ध में पश्चिमी पाकिस्तान जीतकर उस पर कब्जा न कर स्वतंत्र बंगलादेश बनाया।

भगवान महावीर का मंगल उपदेश था, पाप से घ्रणा करो, न कि पापी से। उन्होंने विरोधी को कभी विरोध से नहीं वरन सद्भावना एवं शांति से जीता। भगवान महावीर ने दुनिया को अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का पावन संदेश दिया, इस मार्ग पर चलकर उन्होंने सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त किया। उन्होंने अपना कल्याण किया एवं मोक्ष मार्ग बताया। भगवान महावीर ने कहा-आत्मा के चार बड़े शत्रु हैं काम, क्रोध,लोभ और मोह। इनके चक्कर में पड़ा हुआ व्यक्ति जीवन में कभी अच्छे कार्य नहीं कर पाता। स्व कल्याण के लिये इन पर विजय प्राप्त करना बहुत आवश्यक है।

विश्ववंदनीय भगवान महावीर के जीवन एवं दर्शन का गहराई से अध्ययन करते हैं तो हम पाते हैं, वे किसी एक जाति या सम्प्रदाय के न होकर सम्पूर्ण मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं। वह सबके थे और सब उनके थे। वह स्वयं क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हुए थे, उनके मुख्य गणधर इन्द्रभूति गौतम ब्राह्मण थे तथा उनकी धर्मसभा ( समवशरण) में सभी धर्मों और जातियों के लोग उनकी दिव्य देशना, मंगल उपदेश सुनने के लिये आते थे। उन्हें केवल जैनों या जैन मंदिरों तक सीमित रखना उनके उद्दात एवं विराट व्यक्तित्व के प्रति अन्याय है वह जैन नहीं जिन थे। इन्द्रियजन्य वासनाओं और मनोजन्य कषायों को जीत लेते हैं,वे कहलाते हैं जिन। किसी का भी कल्याण जैन बनकर नहीं, जिन बनकर ही हो सकता है। भगवान महावीर ने कहा है त्याग व तपस्या से जीवन महान बनता है। श्रावकों को अपने आचरण में अहिंसा तथा जीवन में अपरिग्रह रखना चाहिए।

युग दृष्टा, अहिंसा, करुणा, परोपकार की पावन प्रेरणा देने वाले भगवान महावीर के 2622 वे जन्मोत्सव के पुनीत अवसर पर हमे चिंतन करने की आवश्यकता है। वर्तमान में चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध,विश्व में बढ़ रहे अलगाववाद, आतंकवाद, सम्प्रदायवाद, हिंसा की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने भगवान महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक हैं। महावीर के सिद्धांत प्राणीमात्र के लिए हितकारी हैं।आज हम त्याग, सेवा, परोपकार के मार्ग पर चलने के बजाय अपने-अपने स्वार्थों को पूरा करने में लिप्त हो गये हैं। वर्तमान में नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने के स्थान पर उन्हें गुमराह किया जा रहा है, नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर रही है। समाज का नेतृत्व करने बाले ही पतन के मार्ग चलने लगे तो नई पीढ़ी को कैसा आदर्श मिलेगा। क्रांतिकारी जैन संत समाधिस्थ मुनि तरुण सागर जी महाराज ने कड़वे प्रवचन करते हुए कहा था भगवान महावीर को जैन मंदिर की चार दीवारी से बाहर निकाल कर नगर के मुख्य चौराहे पर लाना होगा, तभी जनमानस भगवान महावीर जीवन दर्शन को समझ सकेगा।

दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिये हमें हर कीमत पर भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलना होगा। तभी भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत की रक्षा होगी। भारत ने कभी हिंसा में विश्वास नहीं किया। हमारा विश्वास भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर दूसरों की जान लेकर जीने में नहीं वरन अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की रक्षा करने में है। अलगाव वाद,साम्राज्यवाद, तानाशाही से विश्व मुक्त हो इस हेतु भगवान महावीर द्वारा बताये मार्ग का अनुशरण करने में ही हम सबका कल्याण होगा। भगवान महावीर का जन्मोत्सव एवं निर्वाणोत्सव मनाकर हम आज औपचारिकता ही कर रहे हैं। आवश्यकता है उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलने की।

भगवान महावीर के उपदेश को निम्न पंक्तियां सार्थक करती हैं-

*मैत्री भाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे,*
*दीन दुखी जीवों पर मेरे उर से करुणा स्त्रोत वहें।*

(नोट- लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष है।)

## विचार-मंथन

# सरकार और न्यायपालिका पर संविधान का अंकुश जरुरी



सनत जैन



न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम की अनुशंसा पर सरकार करती है। इन दिनों कॉलेजियम व्यवस्था को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। सरकार चाहती है, कि उसके इशारे पर कॉलेजियम काम करे।न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सरकार जो निर्णय करे। कॉलेजियम उसे स्वीकार करे। जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की भूमिका नगण्य हो। सरकार की भूमिका सर्वोपरि हो।कॉलेजियम व्यवस्था आने के पहले सरकार न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति करती थी। आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जजों की वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश और न्यायधीशों की नियुक्ति मनमाफिक तरीके से की थी। आपातकाल के बाद जब सरकार बदली, उसके बाद संविधान में संशोधन हुआ। जिसमें न्यायपालिका के अधिकारों को आपातकाल में भी बरकरार रखने का संशोधन किया गया। उसी के बाद जजों की नियुक्ति और उनकी पदोन्नति को लेकर, सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की व्यवस्था दी। तब से कॉलेजियम की व्यवस्था चली आ रही है। कॉलेजियम के सदस्य, हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति को लेकर वरिष्ठ वकीलों द्वारा की गई पैरवी की समीक्षा करते हैं। उनके बारे में सारी जानकारी एकत्रित करते हैं। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जज सहमत होने पर, जज के नाम की अनुशंसा सरकार को करते हैं। कॉलेजियम की व्यवस्था में सरकार को यह अधिकार है,कि कालेजियम द्वारा जो अनुशंसा की गई है। उसके संबंध में पूरी जानकारी का अध्ययन करने के बाद यदि कोई असहमति है,तो उसे कॉलेजियम को पुनर्विचार के लिए सरकार वापिस भेजती है। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम एक बार पुनः विचार करके अंतिम निर्णय लेती है। उस निर्णय का क्रियान्वयन करना सरकार की बाध्यता होती है। पिछले वर्षों में सरकार ने कॉलेजियम द्वारा की गई अनुशंसा काफी समय तक रोककर रखी है। जिसके कारण हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की वरिष्ठता गड़बडाने लगी है। संविधान ने न्यायपालिका को सभी संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज की निगरानी रखने और सत्ता निरपेक्ष रहकर नियंत्रण की जिम्मेदारी न्यायपालिका को सौंपी है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद को सर्वोच्च बनाते हुए संविधान को एक तरह से नकारने का बयान दिया है।

निश्चित रूप से हर व्यवस्था मे आरोप-प्रत्यारोप लगते है। कॉलेजियम को समीक्षा और अनुशंसा करने का अधिकार है। वहीं सरकार को भी नियुक्ति के पूर्व पर्याप्त अवसर होता है। जब वह नियुक्त होने वाले जज के संबंध में सारी जानकारी एकत्रित कर सके। यदि नियुक्ति करने में कोई आपत्ति है, तो उससे कॉलेजियम को पुनर्विचार करने के लिए कह सकती है। इसका एक ही आशय है, कॉलेजियम और सरकार दोनों पर जिम्मेदारी और जवाबदेही का अंकुश लगा हुआ है। संसदीय लोकतंत्र में बहुमत के आधार पर बहुत सारे नियम कानून बन जाते हैं। राजनीति में रह रहे लोग चुनाव जीतने और सत्ता में बने रहने के लिए बहुत सारे नैतिक और अनैतिक निर्णय लेने के लिए मजबूर होते हैं। लेकिन न्यायपालिका पर इस तरहका कोई दबाव नहीं होता है। उसे संविधान और विधायिका द्वारा बनाए गए नियम कानून के अनुसार,निर्णय लेने होते हैं। जिसके कारण न्यायपालिका की साख और विश्वसनीयता आम जनता के बीच में बनी रहती है। सामाजिक बदलाव का असर समान रूप से सभी वर्गों में पड़ता है। निश्चित रूप से न्यायपालिका के ऊपर भी इसका असर पड़ा होगा। न्यायपालिका के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे हैं।सरकार के पास इसके नियंत्रण के बहुत सारे अधिकार हैं। सरकार के पास बहुत सारी जांच एजेंसियां भी है। जो नियुक्ति के पूर्व और नियुक्ति के पश्चात जानकारियां प्राप्त कर कार्यवाही कर सकती हैं। न्यायाधीशों को हटाने की शक्तियां भी संसद के पास होती हैं। कॉलेजियम व्यवस्था को लेकर सरकार के मन में यदि सुधार के कुछ सुझाव हैं, तो उन सुझावों को कॉलेजियम की व्यवस्था में शामिल कराये जा सकते है। सरकार और कॉलेजियम के बीच विवाद समाप्त करना ही, राष्ट्र हित में होगा। विधायिका,कार्यपालिका और संवैधानिक संस्थाओं के ऊपर न्यायपालिका का अंकुश होने पर ही सभी संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित रखा जा सकता है। विधायिका अपने ऊपर कोई अंकुश नहीं चाहती है। ऐसी स्थिति में भारत का लोकतंत्र सुरक्षित भी नहीं रहेगा। चुनाव जीतने के लिए राजनैतिक दल नैतिक - अनैतिक कृत्य के दबाव में होते हैं। जिन देशों में लोकतंत्र नहीं है। वह देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़े हुए हैं। इस पर भी सरकार और सुप्रीमकोर्ट को गंभीरता से विचार करना होगा।

## सर्वमान्य नेत्री

# अगले चुनाव में मुख्य मुकाबला सोनिया-मोदी के बीच...!



ओम प्रकाश मेहता



इन दिनों देश की समूची राजनीति सिर्फ और सिर्फ करीब एक साल बाद होने वाले आम चुनाव पर केंद्रीय है, अब हर राजनीतिक दल सब कुछ भूल कर फिर अगले चुनाव के बाद अपने भविष्य की चिंता से ग्रस्त है। अगले चुनाव के बाद सत्ता का सिंहासन हथियाने की यह स्पर्धा मुख्य रूप से देश पर राज कर रही भाजपा तथा मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस के बीच है और इसी वास्तविकता को समझकर देश के करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दलों ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी को अपनी संयुक्त नेत्री मान लिया है, इसी से यह अभी से स्पष्ट हो रहा है कि 2024 की राजनीतिक जंग मुख्य रूप से मौजूदा प्रधानमंत्री और भाजपा के सर्वमान्य नेता नरेंद्र भाई मोदी और प्रतिपक्ष की सर्वमान्य नेत्री सोनिया गांधी के बीच ही होगी और सोनिया के दीर्घ राजनीतिक अनुभव को उनके विगत राजनीतिक कौशल से परिचित भाजपा का हर छोटा बड़ा नेता इस जंग को काफी महत्वपूर्ण मान रहे है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या के बाद से ही सोनिया जी राजनीति में सक्रिय हुई करीब दो दशक तक कांग्रेस की अध्यक्षा रही इस बीच कई राजनीतिक मुकाबलों में अपना जोहर भी दिखाया और फिर 2004 में उन्होंने अपने बेटे राहुल गांधी को आगे लाकर उसे नेतृत्व के योग्य बनाने की कवायद शुरू की, किंतु डेढ़ दशक से भी अधिक समय में राहुल राजनीतिक तौर पर परिपक्व नहीं हो पाए और अब अपने विवादित बयानों के कारण न सिर्फ मानहानि का दंश झेल रहे हैं, बल्कि अब शायद उन्हें देश के विभिन्न न्यायालयों के दरवाजों पर भी दस्तक देनी पड़ सकती है, इन्हीं सब स्थितियों को ध्यान में रखकर सोनिया गांधी को फिर कमर कसकर अगली चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करना पड़ा और उनके इस संकल्प को देखकर देश के डेढ़ दर्जन से अधिक प्रतिपक्षी दलों को उनका नेतृत्व स्वीकार करने को मजबूर होना पड़ा। अब सोनिया जी पर अपनी पार्टी के साथ ही अन्य प्रतिपक्षी दलों की भी भावनाएं समझ कर अपना अगला राजनीतिक एजेंडा तैयार करने की अहम जिम्मेदारी आ गई है, क्योंकि अब हर प्रतिपक्षी दल उनमें अगली सत्ता की किरण देखने लगा है।

....फिर आज के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य का आंकलन कर हर दल यह स्वीकार भी करने लगा है कि देश का कांग्रेस सहित कोई भी राजनीतिक दल मोदी की कथित राजनीतिक आंधी का अकेले मुकाबला नहीं कर सकता, हर दल यह महसूस करने लगा है कि जब तक देश के सभी प्रमुख विपक्षी दल एकजुट होकर मोदी का मुकाबला नहीं करेंगे तो फिर अगले चुनाव में मोदी को पुनः सत्ता से रोकना काफी मुश्किल हो जाएगा, इसलिए इसी दिशा में हर दल ने अपना रुख कर लिया है। और अब इस दिशा में स्वयं कांग्रेस ने ही अपना कदम आगे बढ़ाया है, जिसका ताजा उदाहरण कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा आयोजित संयुक्त रात्रि भोज है, इस भोज में कांग्रेस से दूरी बनाकर रखने वाले तृणमूल कांग्रेस पीआरएस और आम आदमी पार्टी जैसे दल भी शामिल हुए।। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि जो दल राहुल गांधी का नेतृत्व पसंद नहीं करते थे, वह अब सोनिया के नेतृत्व के प्रति आस्थावान हो गए हैं।

यदि हम सोनिया को केंद्र में रखकर विगत राजनीति का विश्लेषण करें तो यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि सोनिया की समझदारी ने हीं 2004 से 2024 तक यूपीए को सत्ता में रखा और इस सोनिया ही एकमात्र नेत्री है, जो मौजूदा हालातों में प्रतिपक्षी दलों को सत्ता नसीब करवाकर मोदी से छुटकारा दिला सकती है।

इस प्रकार कुल मिलाकर आज यदि यह कहा जाए कि प्रतिपक्ष की पूरी राजनीति सिमट कर सोनिया पर केंद्रित हो गई है, तो कतई गलत नहीं होगा और सोनिया ने भी इस भावी चुनौती को स्वीकार करने की मानसिक रूप से तैयारी कर ली है, इसलिए अब यह तय है कि 2024 का मुख्य मुकाबला मोदी व सोनिया के बीच ही होगा और यह राजनीतिक युद्ध देश के लिए कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल : सीएसके अपने घरेलू मैदान पर सुपर किंग्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

**चेन्नई (एजेंसी)।** महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर लोकेश राहुल की लखनऊ सुपर जायंटस को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी अपनी पहली जीत दर्ज करने उतरेगी। सीएसके को अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। टीम को सुपर जायंटस के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है क्योंकि सीएसके अपने घरेलू मैदान और दर्शकों के सामने खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलना तय है। सीएसके चार साल बाद इस मैदान पर खेलेगी जिससे भी प्रशंसक उत्साहित हैं। सीएसके की टीम ने पहले मैच में भी अच्छा खेला था। उसके बल्लेबाज

रूतुराज गायकवाड़ अच्छी लय में हैं। रूतुराज ने गुजरात के खिलाफ शानदार पारी खेली थी। इस मैच में सीएके के प्रशंसकों को अन्य बल्लेबाजों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इस मैच में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी अपने को साबित करना चाहेंगे। टी ने उन्हें 16 करोड़ से अधिक की मोटी रकम देकर खरीदा है।

इस मैच में सीएसके के बल्लेबाजों पर बीच के ओवरों में तेज गति से रन बनाने और गेंदबाजी बेहतर करने का दबाव रहेगा जो वह पहले मैच में नहीं कर पाये थे। चेन्नई के लिए राहत की बात यह है कि ये मैच एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर हो रहा है जहां स्पिनर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल में यहां खेले गए तीसरे एकदिवसीय में भी स्पिनर यहां सफल रहे थे। ऐसे में स्पिन जडेजा और मिशेल सेंटनेर यहां अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मैच में सीएकसे एक और स्पिनर भी शामिल कर सकती है।

श्रीलंका के महीश तीक्षणा पहले तीन मैचों के लिये उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में देखना होगा कि धोनी किसे अवसर देते हैं। वहीं दूसरी ओर राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स ने गत दिवस अपने पहले ही मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसके हौसले बुलंद रहेंगे। सुपर जाइंट्स की ओर से काइल मायर्स ने आक्रामक बल्लेबाजी की थी जबकि मार्क वुड ने पांच विकेट लिए थे। वहीं बल्लेबाजी में मायर्स के अलावा कप्तान राहुल, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। लखनऊ की ओर से पहले मैच में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मार्क वुड इस मैच में भी सीएसके के बल्लेबाजों को निशाना बना सकते हैं। वुड ने पहले मैच में कैपिटल्स की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया था। स्पिनर के तौर पर कृष्णप्पा गौतम और रवि बिश्नोई हैं। कृष्णप्पा ने पहले मैच में इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर अपने को साबित किया था।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडु, मोईन अली, बेन स्टोक्स, रविंद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, ड्वेन प्रिटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिशेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथिसा पथिराना, महीश तीक्षणा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

**लखनऊ सुपर जायंटस :** लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन , नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड , स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

# मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में हारी पीवी सिंधू



**मैड्रिड (एजेंसी)।** भारत की पीवी सिंधू रविवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से सीधे गेम में हार गई। चोट के कारण पांच महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने पर शुरुआती दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहने के कारण पिछले मंगलवार को शीर्ष 10 से बाहर होने वाली सिंधू फाइनल में किसी भी समय लय में नहीं दिखी और विश्व की 12वें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग से 8-21, 8-21 से हार गई।

इस फाइनल से पहले सिंधू का इंडोनेशिया की 23 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ रिकॉर्ड 7-0 था लेकिन वह मैच में दबदबा बनाने में असफल रही और इस तरह से पिछले आठ महीनों में पहला खिताब जीतने का उनका सपना चकनाचूर हो गया। कुल मिलाकर सिंधू के लिए यह टूर्नामेंट अच्छा रहा। उन्होंने फाइनल से पहले तक एक भी गेम नहीं गवाया था। कोरिया के पार्क ताइ सुंग के हटने के बाद सिंधू की कोच अभी विधि चौधरी है।

# युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास, बना दिए 3 बड़े रिकॉर्ड

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के चौथे मैच में राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी देखने को मिली। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 203 रन बना दिए। जवाब में हैदराबाद की टीम उतरी तो उनके बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए राजस्थान के गेंदबाजों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बीच चहल ने हैरी ब्रूक का शिकार किया और 3 खास रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए टी20 क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया।

### रचा इतिहास

दरअसल, पारी के 7वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रूक का शिकार कर टी20 क्रिकेट में अपना 300वां विकेट हासिल किया और प्रारूप में उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने। भारतीय लेग स्पिनर ने टी20 में 265 मैच खेले हैं और अब तक 301 विकेट ले चुके हैं।



# बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी राजस्थान का धमाका, हैदराबाद को 72 रनों से दी मात

**हैदराबाद (एजेंसी)।** जॉस बटलर (54), यशस्वी जायसवाल (54) और संजू सैमसन (55) के आतिशी अर्द्धशतकों के बाद युज़वेंद्र चहल (17/4) की दर्शनीय गेंदबाजी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन से मात दी। गत उपविजेता रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 203 रन बनाये। इसके जवाब में सनराइजर्स 131 रन तक ही पहुंच सका। पिछले आईपीएल के शीर्ष स्कोरर रहे बटलर की बल्लेबाजी में रत्ती भर बदलाव नहीं आया और उन्होंने 22 गेंद पर सात चौकों एवं तीन छक्कों के साथ 54 रन बनाये।

जायसवाल ने 54 (37) जबकि सैमसन ने 55 (32) रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिये और मेज़बान टीम इसके बाद वापसी नहीं कर सकी। चहल ने रॉयल्स के लिये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की और चार ओवर में 17 रन के बदले चार विकेट लेकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी लेकिन राजस्थान के बल्लेबाजों का पहली गेंद से ही बोलबाला रहा। सलामी बल्लेबाज बटलर और जायसवाल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिये 35 गेंद में 85 रन जोड़ लिये। यह पावरप्ले में रॉयल्स का सबसे बड़ा स्कोर है।



बटलर ने इसमें 22 गेंद पर सात चौकों और तीन छक्कों के साथ 54 रन का योगदान दिया। फ़ज़लहक़ फ़ारुक़ी ने पावरप्ले समाप्त होने से पहले बटलर को पवेलियन लौटा दिया, लेकिन सनराइजर्स को इसके बाद सैमसन और जायसवाल के प्रहार का सामना करना पड़ा। सैमसन-जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की। जायसवाल ने 34 गेंद पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया, हालांकि वह भी 54 रन बनाकर फ़ारुक़ी का शिकार हो गये। जायसवाल के आउट होने के बाद सनराइजर्स विपक्षी टीम की रनगति पर कुछ हद तक लगाम कसने में सफल रहा। उमरान मलिक ने देवदत्त पडिक्कल को दो रन पर बोल्ड किया, जबकि रियान पराग सात रन बनाकर टी नटराजन का शिकार हो गये।

# मियामी ओपन : क्वितोवा ने रिबाकिना को हराकर खिताब जीता



मियामी गार्डन्स। बारहवीं वरीयता प्राप्त पेत्रा क्वितोवा ने सातवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7 . 6, 6 . 2 से हराकर मियामी ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। चेक गणराज्य की 33 वर्ष की क्वितोवा ने अपने से दस साल छोटी रिबाकिना के 13 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई और उसे लगातार दूसरा खिताब नहीं जीतने दिया। रिबाकिना ने हाल ही में इंडियन वेल्स में भी खिताबी जीत दर्ज की थी। पुरूष एकल फाइनल में जानिक सिनेर का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनेर ने गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। पुरूष युगल फाइनल में सैंटियागो गोंजालेस और एडुअर्ड रोजर वेसलीन ने आस्टिन क्राइसेक और निकोलस माहूत को 7 .6, 7 .5 से हराया।

# नीता अम्बानी कल्चरल सेंटर के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए बुमराह और उनकी पत्नी

मुम्बई । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की सर्जरी के कारण आजकल टीम से बाहर हैं। बुमराह की न्यूजीलैंड में सर्जरी हुई थी जिससे अब वह उबर रहे हैं। इस कारण वह आईपीएल से भी बाहर हैं। क्रिकेट से दूर बुमराह इसी बीच अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुम्बई इंडियंस की प्रमुख नीता अम्बानी ने अपने कल्चरल सेंटर का उद्घाटन किया था। इस समारोह में कई दिग्गज हस्तियों के बीच ही बुमराह और उनकी पत्नी भी नजर आये। नीता के शो में आने से प्रशंसकों ने उन्हें जमकर ट्रोल किया। बुमराह के अलावा सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी बीच प्रशंसकों ने बुमराह की तस्वीर वायरल होते ही उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। प्रशंसकों ने अब उनकी चोट पर ही सवाल उठाये हैं। बुमराह के नहीं होने से मुंबई इंडियंस की टीम को करार झटका लगा है। मुंबई की टीम ने इस सीजन में बुमराह की जगह संदीप वॉरियर्स को शामिल किया है। बुमराह ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से सितंबर में खेला था। इसके बाद से ही वह फिट नहीं होने के कारण एशिया कप और ट्वेंटी-20 विश्व कप से भी बाहर रहे थे। बुमरार के जून में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खेलने पर भी संशय बना हुआ है।



# श्रीलंका ने सुपर ओवर में न्यूजीलैंड को हराकर सीरीज में हासिल की बढ़त



**आकलैंड (एजेंसी)।** श्रीलंका ने पहले ही टी20 मैच में मेजबान टीम न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में मेजबान टीम के ईश सोढी ने 20वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर मैच को सुपर ओवर में पहुंचा दिया था। श्रीलंका ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 196 रन बनाए। इसके बाद न्यूजीलैंड को अंतिम ओवर में जीत के लिए 13 रन बनाने थे। ऐसे में सोढी ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर मैच को बराबरी पर लाने के साथ ही टाइब्रेकर में पहुंचा दिया।

सुपर ओवर में न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम और मार्क चैपमैन जबकि श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने गेंदबाजी की। मिशेल ने पहली गेंद पर ही एक रन ले लिया। वहीं दूसरी गेंद वाइड थी और तीसरी गेंद पर नीशाम पेवेलियन लौट गए। चैपमैन ने दो रन बनाने के बाद चौका लगाया पर अंतिम गेंद पर वह पेवेलियन लौट गये।

वहीं इसके बाद श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस और चरित असालांका बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि मेजबान टीम की ओर से गेंदबाजी जिम्मी नीशाम ने संभाली। इसमें पहली ही गेंद पर एक रन बना और दूसरी गेंद पर असालांका ने छक्का लगा दिया। इसके बाद चौका लगाकर उन्होंने श्रीलंका को जीत दिला दी।

# मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को हराया, फिर बढा दोनों टीमों में तनाव



मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के अहम मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी लिवरपूल को 4 . 1 से हरा दिया लेकिन दोनों टीमों के बीच एक बार फिर तनाव देखने को मिला। प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में दूसरे स्थान पर काबिज सिटी के प्रशंसकों पर लिवरपूल ने टीम बस पर हमला करने और नफरत भरे नारे लगाने का आरोप लगाया। सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला भी लिवरपूल के सब्स्टीट्यूट कोस्टास सिमिकास और आर्थर मेलो के सामने आक्रामक तरीके से जीत का जश्न मनाते नजर आये। उन्हें इसके लिये माफी मांगनी पड़ी। एक अन्य मैच में आर्सनल ने लीड्स को 4 . 1 से हराकर शीर्ष पर अपनी जगह पुख्ता करके आठ अंक की बढत बना ली। उसने हालांकि सिटी से एक मैच अधिक खेला है। लिवरपूल चौथे स्थान पर काबिज टोटेनहम से सात अंक पीछे है।

# हार्दिक पंड्या ने बताया भारतीय टीम का नया युवा खिलाड़ी कौन होगा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2023 के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ ने 92 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। हालांकि सीएसके को मैच में हार मिली, लेकिन गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने उनकी जबर्दस्त पंड्या ने कहा कि गायकवाड़ ने कुछ इसतरह के शॉट खेले, जो बेहतरीन थे। वह अगर इसतरह ही खेलता रहा, तब भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा। समय आने पर भारतीय क्रिकेट टीम उसके साथ होगी। जुलाई 2021 में डेब्यू के बाद से गायकवाड़ ने 9 टी20 इंटरनेशनल मैच में 135 रन बनाए हैं। हालांकि यह प्रदर्शन औसत ही रहा है। पिछले दिनों उन्होंने लिस्ट-ए टूर्नामेंट विजय हजारे ट्राफी में दोहरा शतक भी ठोका। इस दौरान उन्होंने एक ही ओवर में 7 छक्के भी लगाए थे। पंड्या का यह बयान इसलिए भी अहम है, क्योंकि इस साल घर में ही अक्टूबर-नवंबर में वर्ल्ड कप के मुकाबले होने हैं।

पंड्या ने कहा कि हमें पता है कि वह कितना शानदार खिलाड़ी है। एक समय लग रहा था कि चेन्नई 220 या 230 रन बना लेगी। हमें उस गेंदबाजी करने में दिक्कत हो रही थी। टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा कि मेरे और शुभमन गिल के विकेट गिरने के बाद हम परेशानी में आ गए थे, लेकिन राहुल तेवतिया ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की और राशिद ने दिखा दिया कि वह क्या कर सकता है। राशिद गेंद और बल्ले दोनों से टीम की ओर से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।



# शुभमन गिल और रुतुराज गायकवाड़ की बल्लेबाजी से प्रभावित दिखे पूर्व खिलाड़ी

## -गिल से 600 रन का सीजन देखने को मिल सकता


मुंबई । गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर पांच विकेट से जीत दर्ज कर आईपीएल 2023 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चेन्नई के लिए रुतुराज गायकवाड़ ने पहली पारी में सनसनीखेज बल्लेबाजी कर 92 रन (50 गेंदों पर 4 चौके और 9 छक्के) बनाकर चेन्नई को 178 का स्कोर बनाने में मदद की। इसके बाद गुजरात टाइटंस ने खिलाड़ी शुभमन गिल के 63 रन के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने आराम से कुल स्कोर का पीछा किया। गुजरात के राशिद खान अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने मोइन अली और बेन स्टोक्स के अहम विकेट चटकाए और सिर्फ तीन गेंदों पर 10 रन भी बनाए। सीएसके के बल्लेबाज गायकवाड़ ने बल्ले से तूफानी प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन बार टाइटंस के खिलाफ खेला है, और 3 पारियों में 218 रन बनाए हैं, जिसमें हर खेल में एक अर्धशतक भी शामिल है। पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने गायकवाड़ के बल्लेबाजी प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा था कि गायकवाड़ अन्य बल्लेबाजों की तुलना में एक अलग विकेट पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने जिस दृष्टिकोण का इस्तेमाल किया वह बेहद सराहनीय है। अनिल कुंबले को गायकवाड़ को बल्लेबाजी करते हुए 9 छक्के लगाते देखना अच्छा लगा। उन्होंने कहा, हम उन्हें छक्के मारने से नहीं जोड़ते हैं, लेकिन एक पारी में 9 छक्के मारना वास्तव में आश्चर्यजनक है। साफ, यह वास्तव में साफ लग रहा था। ऐसा नहीं था कि वह आकार से बाहर जा रहे थे और इस पेश करने की कोशिश कर रहा है, बस शुद्ध समय। पटेल ने भी गुजरात की जीत की सराहना कर कहा कि गिल एक बड़े स्कोरिंग सीजन के साथ अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से गुजरात टाइटन्स ने पीछा करना शुरू किया। हमने देखा कि रिद्धिमान साहा को पहले छह ओवरों को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने का लाइसेंस मिल गया था, जितना वह कर सकते थे। इस विकेट पर, लक्ष्य बराबर से नीचे था इसलिए एक मजबूत शुरुआत जरूरी है। मुझे लगता है कि गुजरात टाइटन्स ने इस हासिल कर लिया और गति बनाए रखी। गिल ने वहीं किया जो हम जानते हैं कि गिल कर सकते हैं और अपने अंतरराष्ट्रीय फॉर्म को आईपीएल में आगे बढ़ाया। हमें शुभमन गिल से 600 रन का सीजन देखने को मिल सकता है।

# बेहतरीन शख्सियत वाले हरदिलअजीज क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सिनेमा के नायक की तरह आकर्षक, खुशमिजाज व्यक्तित्व के धनी और प्रशंसकों की मांग पर छक्का जड़ने के लिए जाने जाने वाले 1960 के दशक के दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का रविवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। उनके परिवार के निकट सूत्रों ने उनकी निधन की सूचना की पुष्टि की। सलीम दुर्रानी अपने छोटे भाई जहांगीर दुर्रानी के साथ गुजरात के जामनगर में रह रहे थे। उनका इस साल जनवरी में जांघ की हड्डी टूट जाने के बाद ऑपरेशन हुआ था। काबुल में जन्मे दुर्रानी न केवल अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे, बल्कि वह बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज भी थे। उन्होंने 29 टेस्ट मैच खेले।

दुर्रानी ने 1961-62 में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 2-0 से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कलकत्ता और मद्रास टेस्ट में क्रमश- आठ और दस विकेट लिये थे। अपने कपड़ों , शैली और अंदाज के लिये अलग पहचान बनाने वाले दुर्रानी ने भारत के लिये खेलते हुए 1202 रन बनाये जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल है। इंग्लैंड पर मिली जीत के एक दशक बाद पोर्ट आफ स्पेन में वेस्टइंडीज पर भारत की जीत में उनकी भूमिका अहम रही। उन्होंने क्लाइव लॉयड और गैरी सोबर्स दोनों के विकेट लिये थे।

उन्होंने 1973 में हिन्दी फिल्म चरित्र में परवीन बॉबी के साथ काम किया था। दुर्रानी ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ साठ के दशक की शुरूआत में मुंबई में टेस्ट क्रिकेट मेंपदार्पण किया और आखिरी टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी 1973 में ब्रेबोर्न स्टेडियम पर ही खेला। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 33 . 37 की औसत से 8545 रन बनाये जिसमें 14 शतक शामिल थे। किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर दुर्रानी अर्जुन पुरस्कार पाने वाले पहले क्रिकेटर थे। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने गुजरात , राजस्थान और सौराष्ट्र के लिये खेला।



### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्रानी के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व क्रिकेट सलीम दुर्रानी के निधन पर शोक जताया है। दुर्रानी का रविवार सुबह कैंसर से निधन हो गया था। वह 88 के थे और कैंसर से पीड़ित थे। दुर्रानी भारतीय टीम के नामी ऑलराउंडर रहे हैं। इसके साथ ही वह एक अच्छे स्पिनर भी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट कर दुर्रानी के परिवार के प्रति संवेदना जतायी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, सलीम दुरानी जी क्रिकेट के दिग्गज थे, अपने आप में एक लीजेंड थे। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैदान के अंदर और बाहर वो अपने अंदाज के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से काफी दुखी हूं। उनके परिवार और मित्रों के लिए संवेदनाएं। उनकी आत्मा को शांति मिलें।

# राखी ने प्रियंका से लिया पंगा



ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड को लेकर चौकाने वाले खुलासे करने के बाद से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने कुछ दिनों पहले एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने बॉलीवुड छोड़ हॉलीवुड में जाने का फैसला क्यों लिया। उनके खुलासे के बाद कई बॉलीवुड सेलेब्स ने इंडस्ट्री का काला चिट्ठा लोगों के सामने खोला। हालांकि, राखी सावंत को प्रियंका को बॉलीवुड इंडस्ट्री को लेकर यूं पर्दाफाश करना पसंद नहीं आया। उन्होंने देसी गर्ल के बयान पर चौंकाने वाली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में राखी सावंत ने पैपराजी से बातचीत में कहा, प्रिंयका चोपड़ा को खुलासे तब करने चाहिए थे, जब वो बॉलीवुड में काम कर रही थीं। अब वो विदेश जा चुकी हैं और वहीं पर रहती हैं। वहां रहते हुए ऐसे खुलासे करने का क्या मतलब है। राखी सावंत के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा विदेश में रहती हैं। वहां बैठकर ऐसी बातें करने का क्या मतलब है। पहले तो उन्होंने यहां बर्फी और लड्डू खा लिए और अब ये सारी बातें बोल रही हैं। वहीं करण जौहर पर बात करते हुए राखी ने कहा, अरे भैया आप लोग क्यों मेरी लड़ाई कराना चाहते हैं। करण जौहर मेरे भाई जैसा है। मैं उसके बारे में क्यों बोलूंगी। मैं करण के खिलाफ कुछ नहीं बोलना चाहती हूं। अपने इस बयान के बाद राखी भी चर्चा में आ गई हैं। कई लोग राखी के इस स्टेटमेंट का समर्थन कर रहे हैं तो कई उन्हें खरी खोटी सुना रहे हैं।






## अजय देवगन को पहले ऑफर हुई थी
# हॉलीवुड फिल्म टाइटैनिक?

अजय देवगन और तब्बू की फिल्म भोला सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है जिसे फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं. फिल्म में दीपक डोबरियाल की एक्टिंग को भी खूब सराहा जा रहा है. वो हाल ही में द कपिल शर्मा शो में अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे थे. अपने मजाकिया वन लाइनर्स और अजय के साथ मजाक के साथ होस्ट कपिल शर्मा ने दर्शकों को खूब हंसाया. कपिल शर्मा ने कई मजेदार सवाल उनसे पूछे. अजय ने ही भोला का निर्देशन किया है. कपिल शर्मा ने जब उनसे पूछा कि क्या सेट पर किसी के साथ उनका झगड़ा हुआ है या नहीं. अजय ने जवाब दिया और कहा नहीं. हालांकि तब्बू ने बीच में टोका और खुलासा किया कि अजय ने उन्हें सेट पर बहुत परेशान किया. इसके बाद कपिल ने अजय से पूछा, आप इतने सालों से इस इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, हमने कभी उनके बारे में कोई विवाद नहीं सुना. क्या आप निर्दोष हैं या आप पकड़े नहीं जा रहे हैं ?अजय ने जवाब दिया और कहा, जो कुछ भी मैं जानता हूं, मैंने आपसे सीखा है.

टाइटैनिक पहले अजय को ऑफर किया गया था!

शो के एक सेगमेंट में कपिल शर्मा ने मजाक में अभिनेताओं के बारे में मजेदार अफवाहें पढ़ते नजर आ रहे हैं. अजय के बारे में एक अफवाह को पढ़ते हुए कपिल ने कहा कि, टाइटैनिक पहले अजय को ऑफर किया गया था लेकिन उनकी एक डिमांड थी. अजय के जवाब ने सभी को सकते में डाल दिया. अभिनेता ने कहा, हां उन्होंने मुझे लिखा था लेकिन जब तक चिट्ठी मुझे मिली, टाइटैनिक पहले ही डूब चुका था.

# अजय देवगन के बारे में अमिताभ की भविष्यवाणी जो सच साबित हुई



बात उन दिनों की है जब फिल्म में हीरो या हीरोइन बनने के लिए रंग और रूप पर खास ध्यान दिया जाता था। यदि कोई सांवला या सांवली है तो उसके अवसर खत्म। कोई उसे मौका नहीं देता था। पुरानी फिल्मों में तो हीरो भी हीरोइन जैसे मेकअप किया करते थे। अजय देवगन ने जब हीरो बनने की सोची तो उनका मजाक बनाने वाले कम नहीं थे। अजय साधारण सूरत वाले इंसान हैं और इसे उन्होंने कभी कमी नहीं माना। उल्टे उन हीरो से ज्यादा सफलताएं हासिल की जो दिखने में उनसे मीलो आगे हैं। फाइट मास्टर वीरू देवगन के बेटे ने जब फूल और कांटे साइन की तो लोगों ने निर्माता-निर्देशक को समझाया कि किसे हीरो ले रहे हो। फिल्म पहले शो से फ्लॉप हो जाएगी। अजय की शक्ल-सूरत की खिल्ली उड़ाई गई, लेकिन अमिताभ बच्चन की राय सबसे जुदा थी। बिग बी ने चेहरे के पीछे के अभिनेता को पढ़ लिया। उन्होंने अजय को 'डार्क हॉर्स' कहा। यानी कि ऐसा इंसान जिसकी जीत पर किसी को यकीन नहीं होता है और वह नंबर वन आ जाता है। अमिताभ की भविष्यवाणी सही साबित हुई और बिग बी की कसौटी पर अजय खरे उतरे। पहली फिल्म से ही अजय देवगन बॉलीवुड में छा गए। अजय देवगन की पहली फिल्म 'फूल और कांटे' यश चोपड़ा की 'लम्हें' के सामने रिलीज हुई थी। लम्हें में अनिल कपूर और श्रीदेवी जैसे सितारे थे। फिल्म का खूब जम कर प्रचार-प्रसार किया गया था। फूल और कांटे के निर्माता को लोगों ने सलाह दी कि वे अपनी फिल्म को लम्हें के सामने प्रदर्शित ना करें, लेकिन वे नहीं माने। अजय की फिल्म ने न केवल 'लम्हें' से जमकर टक्कर ली बल्कि सफल भी हुई। उसके बाद अजय ने फिर पीछे मुड़ कर नहीं देखा।

# रजनीकांत की बाबा की असफलता से खत्म हुआ मेरा साउथ करियर : मनीषा

हाल ही में कार्तिक आर्यन की फल्म शहजादा में उनकी माँ की भूमिका में नजर आई अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने हाल ही में दिए अपने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि साल 2002 में रजनीकांत की फिल्म बाबा के फ्लॉप होने के बाद साउथ इंडस्ट्री में उनका करियर खत्म हो गया। रजनीकांत अभिनीत यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी, जिसमें मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म की कहानी एक ऐसे युवक की है, जो नास्तिक होता है और बाद में उसे पता चलता है कि वो एक हिमालयी संत का पुनर्जन्म है। आश्चर्य की बात है कि गत वर्ष 2022 में रजनीकांत के जन्म दिन के मौके पर इस फिल्म को फिर से तमिल में प्रदर्शित किया गया था, जहाँ इसने बॉक्स ऑफिस पर सफलता की नई पायदान को छुआ था। मनीषा ने कहा- बाबा शायद मेरी आखिरी बड़ी तमिल फिल्म थी। उस वक्त ये बहुत बुरी तरह फ्लॉप हुई थी, तो मुझे लगा कि साउथ फिल्मों में मेरा करियर पूरी तरह से खत्म हो गया और हुआ भी बिल्कुल ऐसा ही। अपने साक्षात्कार में मनीषा ने आगे कहा- बाबा रिलीज होने से पहले मैं कई साउथ फिल्में कर रही थी, लेकिन बाबा की बॉक्स ऑफिस क्राइसिस के बाद, मुझे फिल्मों के ऑफर कम आने लगे। धीरे-धीरे मुझे ऑफर्स आने बंद हो गए। जब बाबा बॉक्स ऑफिस पर दोबारा रिलीज की गई, तो वो हिट साबित हुई। क्योंकि, ऐसा रजनी सर की फिल्में कभी फ्लॉप नहीं हो सकती हैं। वो अपने काम को लेकर हमेशा ही बेहद एक्टिव और प्रोफेशनल रहे हैं।

**2022 में दोबारा बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई बाबा**

ज्ञातव्य है कि बाबा को पिछले साल रजनीकांत के जन्मदिन के अवसर पर फिर से रिलीज किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छी कमाई की थी। रजनीकांत के लिए फिल्म बाबा बहुत महत्वपूर्ण थी, लेकिन शुरुआत में फिल्म उनके प्रशंसकों को प्रभावित करने में असफल रही थी। रजनीकांत न केवल बाबा के लीड एक्टर थे, बल्कि इसके निर्देशक और स्क्रीनप्ले राइटर भी थे।



# गौहर खान ने जस्टिन और हैली बीबर को लताड़ा

जस्टिन और हैली बीबर हाल ही में इंस्टाग्राम पर हिजाब मॉडर्न नाम के एक पेज के लिए ऑनलाइन दिखाई दिए। बातचीत के दौरान सेलिब्रिटी कपल ने उपवास की धारणा पर चर्चा की और बताया कि कैसे उनके लिए उपवास करना समझ में नहीं आता है। कनाडाई सिंगर कहते हैं- मुझे इसके बारे में सोचना होगा, मैंने ऐसा कभी नहीं किया है ... मुझे लगता है कि हमारे शरीर को ठीक से सोचने के लिए पोषण की जरूरत होती है। हैली ने तब खुलासा किया कि खाने से उपवास करना कभी भी उनके लिए समझ में नहीं आया। इसके बाद उन्होंने आगे कहा- अगर आप टीवी बंद करना चाहते हैं, अपने फोन को फास्ट करना चाहते हैं, तो मुझे लगता है कि मैं उस पर अधिक विश्वास करती हूं लेकिन खाना बंद कर रही हूं... यह मेरे लिए कभी मायने नहीं रखता था। हैली बीबर ने फिर कहा- इसलिए आप मूर्ख हैं! इस बीच, गौहर खान और उनके पति जैद दरबार अपनी रमजान परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में रोजा रखने के अपने सफर को शेयर करती हैं।

## अमेज़ॅन मिनीटीवी ने
# जारी किया 'गुटर गूं' का ट्रेलर




अमेज़ॅन मिनीटीवी, एक मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, ने आज अपने अपकमिंग रोमांटिक स्टोरी 'गुटर गूं' का ट्रेलर जारी किया, जो टीन कपल के प्यार की बारीकियों को दर्शाता है। सीरीज में अश्लेषा ठाकुर और विशेष बंसल लीड रोल में हैं, जहां दोनों पहले प्यार की सुबह और साथ आने वाली चुनौतियों का अनुभव करते हैं। छह-एपिसोड की यह सीरीज उनके रिश्ते को प्रभावित करती हैं, जबकि माता-पिता का प्रेशर उनकी परेशानियों को बढ़ाता है। ट्रेलर में रितु और अनुज की जिंदगी की झलक देखने को मिलती है, जो एक-दूसरे से इतने अलग होते हुए भी आपस में उलझे रहते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके अलग-अलग नजरिए को देखते हुए उनका सफर पहले प्यार के अलग-अलग रंगों को कैसे विकसित करता है। गुनीत मोंगा के ऑस्कर विनिंग प्रोडक्शन हाउस, सिख प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह ड्रामा, 5 अप्रैल से अमेज़ॅन शॉपिंग ऐप और फायर टीवी पर विशेष रूप से अमेज़ॅन मिनी टीवी पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगा। अमेज़न एडवरटाइजिंग के प्रमुख गिरीश प्रभु ने शो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा, अमेज़ॅन मिनी टीवी पर हमारा लक्ष्य दर्शकों का मनोरंजन करना और उनके दिल को छू लेने वाली कहानियों के साथ प्रस्तुत करना है। गुटर गू के साथ, हम युवा प्रेम के बारे में एक हल्का-फुल्का शो पेश करना चाहते हैं और दर्शकों को मीठी यादों का अहसास कराना चाहते हैं। इस नए जमाने के रोमांस शो के लिए सिख एंटरटेनमेंट के साथ काम करना खुशी और सम्मान की बात है, जो हमें यकीन है कि दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। गुप्त ज्ञान के लिए अभूतपूर्व प्यार प्राप्त करने के बाद, हम सिख में निर्देशक साकिब पंडोर के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, जो हमारी अच्छी तरह से प्राप्त लघु फिल्म को अपनी वेब श्रृंखला में बदल रहे हैं!

# राघव -परिणीति की होने वाली शादी पर हार्डी संधू ने लगाई मुहर



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा की आम आदमी पार्टी (आप) मंत्री राघव चड्ढा के साथ आउटिंग हाल ही में सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच परिणीति के कोड नेम- तिरंगा के को-स्टार हार्डी संधू ने दोनों के बीच के रिश्ते पर मुहर लगा दी है। हाल ही में, संधू ने कहा कि जब वे कोड नेम- तिरंगा की शूटिंग कर रहे थे तो वे शादी के बारे में बात करते थे। उन्होंने डीएनए को बताया, जब हम कोड नेम तिरंगा की शूटिंग कर रहे थे, तब हमारी शादी को लेकर चर्चा होती थी और वह हमेशा कहती थी कि मैं तब शादी करूंगी, जब मुझे लगेगा कि मुझे सही लड़का मिल गया है। संधू ने कहा कि वह पहले ही एक्ट्रेस के साथ बात कर चुके हैं। उन्होंने जल्द ही शादी होने पर परिणीति को बधाई दी है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के नेता संजीव अरोड़ा ने मंगलवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर राघव और परिणीति को शादी की बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, मैं राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा को हार्दिक बधाई देता हूं। उनको ढेर सारा प्यार, खुशी के साथ हमेशा एक साथ रहे। मेरी शुभकामनाएं!

# जब आधी रात को हुई थी होटल में मौनी रॉय का कमरा खोलने की कोशिश



सभी लोकप्रिय होना चाहते हैं, लेकिन सेलिब्रिटीज़ के लिए कई बार यह लोकप्रियता सिर दर्द बन जाती है। कुछ फैंस हद पार कर जाते हैं और उन्हें फैंस कहना ठीक नहीं है क्योंकि फैंस कभी भी अपने प्रिय कलाकार का अहित नहीं करते। मौनी रॉय कितनी पॉपुलर हैं यह बात किसी से छिपी नहीं है। टीवी शो नागिन करने के बाद वे घर-घर में लोकप्रिय हो गईं और अब फिल्मों में भी अभिनय कर रही हैं। एक इंटरव्यू में मौनी ने ऐसी घटना जिक्र किया है जो उनकी नजर में बहुत भयावह है। उसके बाद उन्होंने छोटे शहरों में जाना ही बंद कर दिया। बात तब की जब है नागिन का सीज़न 2 चल रहा था। एक कार्यक्रम के सिलसिले में उन्हें एक छोटे शहर में जाना पड़ा। होटल से ऑडिटोरियम तक के रास्ते में जबरदस्त भीड़ थी और उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो रहा था। सभी मौनी के लिए बेताब थे। होटल में वापसी के समय भी यही नजारा था। मौनी की कार छोटी-छोटी गलियों से गुजर रही थी और लोग बेकाबू हो रहे थे। यह देख मौनी बहुत डर गई थीं। होटल पहुंचने के बाद मौनी ने अपनी मैनेजर से कहा कि वह उसके कमरे में ही रात में सोए। आधी रात को मौनी तब घबरा गई जब उनके कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की जा रही थी। मौनी और उनकी मैनेजर दोनों जोर से चीखे। तुरंत होटल स्टाफ को बुलवाया। मौनी का तो बुरा हाल था। इस घटना से उन्होंने यह सबक लिया कि कभी भी छोटे शहरों में नहीं जाना चाहिए।